दैनिक
# भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित
डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24
web- www. bhaskardoot.com
◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 265 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये




सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों को दी गई भावभीनी बिदाई






# बस्तर में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर



## AK-47 राइफल समेत कई हथियार भारी मात्रा में बरामद

भास्कर दूत

**दंतेवाड़ा/नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. पुलिस के साथ मुठभेड़ में अब तक 30 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. इनमें से 14 के शव बरामद हो गए हैं. इसके साथ ही बड़ी संख्या में ऑटोमेटेड हथियार बरामद किए गए हैं. यह मुठभेड़ जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुई. नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर माड़ इलाके में नक्सलियों का सर्च ऑपरेशन चल रहा है। दरअसल, पुलिस को शुक्रवार को एक मुखबिर से सूचना मिली की जंगल में नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फ़िराक में हैं. सूचना मिलने के बाद फोर्स को मौके के लिए रवाना किया गया. जवानों को आता देख नक्सलियों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई. जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की. जवानों को भारी पड़ता देख मौके से नक्सली पीछे हट गए. अभी तक 30 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. कई जख्मी भी हुए हैं. इस मुठभेड़ में कई इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है. नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को भी पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है।

### पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

**क्षेत्र में रुक- रुक कर हो रही गोलीबारी मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है. आईजी पी. सुंदरराज के मुताबिक, मुठभेड़ का पूरा अपडेट आने में समय लगेगा. क्योंकि रात का समय है. रुक-रुक कर दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है.**

### सीएम विष्णुदेव साय ने आज ही किया था दंतेवाड़ा का दौरा

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ से पहले आज सुबह ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा का दौरा किया था. यहां शुक्रवार को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ 167.21 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया था.

### सुकमा में गुरुवार को हुई थी मुठभेड़



इससे पहले पुलिस ने गुरुवार को सुकमा जिले में मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में नक्सलियों की सामग्री बरामद की गई थी. 24 सितंबर को भी सुकमा जिले में मुठभेड़ हुई थी. इस दौरान एनकाउंटर में 2 नक्सलियों को ढेर किया गया था।

## अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में हुई मुठभेड़

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (IG) सुंदरराज पी ने भास्कर दूत को बताया कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा में अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 30 नक्सलियों को मार गिराया गया है. अब तक 14 के शव मिले हैं. सुरक्षाबल के दल में जिला रिजर्व गार्ड और विशेष कार्य बल के जवान शामिल थे. रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी



### माओवादियों के खात्मे के लिए सीआरपीएफ की 4 बटालियन होगी तैनात

*सरकार ने साल 2026 कर छत्तीसगढ़ के बस्तर में माओवादियों के खात्मे के लिए नई स्ट्रैटजी बनाई है. इसके तहत सीआरपीएफ की और 4 बटालियन को बस्तर में तैनात किया जा रहा है. करीब 4 हजार जवान बस्तर के अलग-अलग जिलों में नक्सल मोर्चे पर तैनात होंगे. इनमें झारखंड से 3 और बिहार से 1 बटालियन को भेजा जा रहा है. आईजी बस्तर सुंदरराज पी के मुताबिक कुछ जवान बस्तर पहुंचे हैं. बाकियों की ट्रेनिंग चल रही है. सरकार का दावा है कि नक्सलियों के साथ अब यह निर्णायक लड़ाई है. नक्सलियों से लड़ने के लिए फोर्स को और मजबूत किया जा रहा है।*

# 5,600 करोड़ की ड्रग्स खेप में कांग्रेसी की संलिप्तता शर्मनाक-अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में ड्रग्स सिंडिकेट मामले को लेकर कांग्रेस को घेर लिया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर एक पोस्ट पोस्ट कर कहा, एक तरफ जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्त बेहद खतरनाक और शर्मनाक है. गृह मंत्री ने कहा, एक ओर जहाँ मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है. कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है. मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है. कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी. हमारी सरकार, ड्रग्स के कारोबारियों का राजनीतिक पद या कद देखे बिना, ड्रग्स के पूरे तंत्र का विनाश कर 'नशामुक्त भारत' बनाने के लिए संकल्पित है. बता दें कि तुषार गोयल, 2022 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की RTI सेल का अध्यक्ष था और दिल्ली से बरामद की गई 5600 करोड़ की कोकीन के मामले का मुख्य आरोपी था. RTI सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने भी आरोपी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर लिखा है।

# खामेनेई का पैगाम- नसरल्लाह की मौत से हम दुखी लेकिन हारे नहीं

### ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता ने इजरायल के खिलाफ अरब देशों से मांगा साथ

**तेहरान।** वर्तमान में मध्य ईस्ट संघर्ष में डूबा हुआ है; इजरायल दक्षिणी लेबनान की सीमा में घुसकर हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले कर रहा है, जबकि बेरूत एयरपोर्ट के पास भीषण विस्फोट हुआ. इजरायल ने आधीरात को बेरूत में भीषण हवाई हमले किए, जो हिज्बुल्लाह के संभावित चीफ हाशिम सफीद्दीन को निशाना बनाकर किए गए.



ईरान के प्रधानमंत्री अली खामेनेई ने शुक्रवार को तेहरान की ग्रैंड मस्जिद में ईरानी हमले में मारे गए हिजबुल्लाह चीफ की याद में नमाज अदा की. इसके बाद, हजारों की संख्याओं के सामने भाषण देते हुए, उन्होंने दुनिया भर के मुसलमानों से दुश्मन के खिलाफ एकजुट होने की अपील की. खामेनेई ने जनता से कहा, मुसलमानों के बीच दरार पैदा की जा रही है. वे फिलिस्तीनियों, लेबनानी, मिस्रियों और इराकियों के लिए एक जैसे दुश्मन हैं. वे यमन और सीरियाई लोगों के दुश्मन हैं.

## समाचार शीर्ष

### हिमाचल सरकार ने आर्थिक संकट के बीच टॉयलेट सीट पर भी लगाया टैक्स



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने टॉयलेट सीट टैक्स लागू करने की योजना बनाई है, जो लोगों को उनके घरों में मौजूद टॉयलेट सीट्स की संख्या पर निर्भर करेगा. आर्थिक संकट से जूझ रही राज्य की सुक्खू सरकार ने हाल ही में इस संबंध में अधिसूचना जारी की है. शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सीवरेज और पानी के बिल से जुड़ी सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि हर टॉयलेट सीट के लिए 25 रुपये का शुल्क देना होगा, जो सीवरेज बिल के साथ जल शक्ति विभाग के खाते में भेजा जाएगा. सीवरेज बिल पानी के बिल का 30 % होगा. पहले पहाड़ी राज्य में पानी के बिल नहीं जारी किए गए थे. नोटिफिकेशन के अनुसार, जो लोग अपने स्रोत से पानी का उपयोग करते हैं और केवल सरकारी विभाग से सीवरेज कनेक्शन का उपयोग करते हैं, उन्हें हर महीने 25 रुपये प्रति टॉयलेट सीट का शुल्क देना होगा.

तिरुपति प्रसादम विवाद

# सुप्रीम कोर्ट ने नई एसआईटी का किया गठन

### सीबीआई एफएसएसएआईऔर के अधिकारी भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति प्रसादम विवाद की स्वतंत्र जांच के लिए एक नवीनतम पांच सदस्यीय SIT का गठन किया है. यानी राज्य की SIT को न्यायालय ने बंद कर दिया. इस मामले की जांच करने वाली नवस्थापित एसआईटी में अब दो सीबीआई अधिकारी शामिल होंगे. साथ ही टीम में एक अधिकारी FSSSAI और दो राज्य पुलिस से होंगे. जबकि सॉलिसिटर जनरल ने पहले की एसआईटी पर भरोसा जताया था, कोर्ट ने ये आदेश देते हुए स्पष्ट कर दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि हम नहीं



चाहते कि यह राजनीतिक नाटक बन जाए. स्वतंत्र निकाय होगा तो आत्मविश्वास रहेगा. कल यानी बुधवार को सुनवाई टल गई क्योंकि एसजी तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र शुक्रवार को उत्तर देगा.

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में क्या कहा? सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि क्या राज्य सरकार की एसआईटी पर्याप्त है या किसी स्वतंत्र संस्था को जांच करानी चाहिए. एसजी ने कहा कि मैंने मुद्दे पर गौर किया और साफ है कि अगर इस आरोप में कोई सच्चाई है तो यह अस्वीकार्य है. एसजी ने कहा कि विश्वास को बढ़ाने के लिए एसआईटी की निगरानी किसी वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी द्वारा की जाएगी. जस्टिस गवई ने कहा कि अखबार में पढ़ा गया है कि मुख्यमंत्री को जांच कराने पर कोई आपत्ति नहीं है. रोहतगी ने कहा कि हम एसआईटी के साथ जाना चाहते हैं और आपकी इच्छा के किसी भी अधिकारी को शामिल कर सकते हैं।

## पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर भारत की नजर; प्रधानमंत्री मोदी ने उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जो पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हुई. मीटिंग में पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार और आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा हुई. भारत ने गुरुवार की बैठक के बाद नई दिल्ली से कहा कि संघर्ष को व्यापक रूप नहीं लेना चाहिए और सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल करने की अपील की.



सशस्त्र सैन्य समारोह

### सशस्त्र सैन्य समारोह में आने-जाने के लिए मिलेगी निःशुल्क बस सुविधा

**रायपुर ।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह में आने-जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शहर के चारों ओर से अलग-अलग समय में आवाजाही के लिए बस सुविधा चलेगी। तेलीबांधा थाना चौक, पचपेड़ी नाका चौक, पचपेड़ी नाका, न्यू बस स्टैंड भाठागांव, पुराना बस स्टैंड और टाटीबंध चौक से साइंस कॉलेज मैदान जाने के लिए 8:30 बजे से बस की सुविधा मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ने युवाओं से किया संवाद, प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का दिलाया भरोसा


भास्कर दूत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बीजापुर स्थित सेन्ट्रल लाइब्रेरी में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए, यहां उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद किया। युवाओं से बातचीत के बीच मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओ को आगे बढने् का पूरा अवसर दिया जाएगा। प्रदेश के युवाओं को अच्छे भविष्य के निर्माण की सम्भावनाएं मिल रही है। इस मौके पर युवाओं की मांग सुनकर मुख्यमंत्री ने बीजापुर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश भी दिए। अब बीजापुर के युवाओं को जल्द ही शून्य प्रतिशत ब्याज में एजुकेशन लोन की सुविधा देने की पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर संवाद कार्यक्रम में युवाओं से मिलना एक शुभ अवसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा के लिए सजग है। प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना के साथ ही जिलों में लाइब्रेरी की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि रायपुर के नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि की गई है।









# कबीर नगर में जुआ खेलने वाले 4 जुआरी गिरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।



इसी तारतम्य में थाना कबीर नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गोल चौक के पास कबीर नगर में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं, कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी कबीर नगर के नेतृत्व में थाना कबीर नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर जुआ खेलते 04 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल नगदी रकम 16,000/- रुपए, 52 पत्ती ताश जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 220/24 धारा छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

01. श्रीकांत देवांगन पिता कमलेश्वर सिंह देवांगन उम्र 36 वर्ष साकिन केबीटी 40 थाना कबीर नगर रायपुर।

02 जयप्रकाश अग्रवाल पिता स्व. श्याम सुंदर अग्रवाल उम्र 42 वर्ष साकिन केबीटी 305 फेस 3, थाना कबीर नगर रायपुर।

03. आकाश जैन पिता रमेश जैन उम्र 32 वर्ष साकिन सिंगापुर सिटी ब्लॉक नंबर 3, प्रथम तल मकान नंबर 01 श्व थाना सरस्वती नगर रायपुर।

04. शिवेंद्र जायसवाल उर्फ लल्ला पिता राजभान जायसवाल उम्र 20 वर्ष साकिन अटल आवास ब्लॉक नंबर 02, थाना कबीर नगर रायपुर।

# गौवंश को कत्लखाने ले जा रहा तस्कर गरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अपराध के रोकथाम हेतु क्षेत्र में चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जो अपराधो पर रोक लगाने हेतु आरंग पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।



इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक लंबोदर पटेल के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में 02.10.2024 को थाना प्रभारी आरंग राजेश सिंह के नेतृत्व में स्टॉफ सउनि अश्वनी चन्द्रवंशी, आरक्षक दीनदयाल सोनवानी, चुड़ामनी साहू द्वारा मुखबिर की सूचना मिला कि बोलेरो पीकअप क्रमांक CG04MF0284 में रायपुर से उडिसा की ओर गौवंश की तस्करी करने गौ को कत्लखाने ले जा रहा है। सूचना पर घटना स्थल आरंग श्रीराम तिराहा के पास पहुंचकर नाकेबंदी कर बोलेरो पीकअप के आने का इंतजार किया जो बोलेरो पीकअप श्रीराम तिराहा आने पर रोक कर चेक किया तो बोलेरो पीकअप क्रमांक CG04MF0284 में चारो तरफ नीला झिल्ली रस्सी से बंधा हुआ था जिसे खोलकर देखा तो 03 नग भैंसी, 01 नग पडिया ठूस ठूस कर बीना चारा पानी के क्रुरतापूर्वक भरा मिला। चालक का नाम पता पुछने पर अपना नाम मोह. गुलाम नबी पिता मोह. तैय्यब उम्र 54 वर्ष साकिन केवसी साहू पारा आरंग थाना आरंग जिला रायपुर का रहने वाला बताया। जप्तसुदा मवेशी 03 नग भैंसी तथा 01 नग पडिया का मेडिकल कराया गया। बोलेरो पीकअप क्रमांक CG04MF0284 को जप्त किया गया।

आरोपी बोलेरो पीकअप क्रमांक CG04MF0284 का चालक मोह. गुलाम नबी पिता मोह. तैय्यब उम्र 54 वर्ष साकिन केवसी साहू पारा आरंग थाना आरंग जिला रायपुर द्वारा बिना परमिट के गौवंश को बिना चारा पानी के बोलेरा पीकअप में 03 नग भैंसी, 01 नग पडिया को ठूस ठूस कर भरकर क्रुरतापूर्वक परिवहन करते पाया गया जो धारा छ.ग. कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 4, 6, 10, 11 पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में माननीय न्यायालय रायपुर रवाना

किया गया है। आरोपी को इसके पहले भी थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा से मवेशी तस्करी के प्रकरण में थाना बेमेतरा के अपराध क्रमांक 353/2023 धारा 4,6,11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम मे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चूका है।

# रायपुर में निगम की बैठक में हंगामा

भास्कर दूत




**रायपुर।** रायपुर नगर निगम की आज होने वाली सामान्य सभा के शुरू होने से पहले हंगामा शुरू हो गया. भाजपा पार्षद मेट्रो ट्रेन से जुड़े प्रश्नों को एजेंडा से हटाने के विरोध में जवाब दो के नारे के साथ एमओयू का विशाल बोर्ड लेकर पहुँचे थे.

रायपुर निगम की सात महीने बाद हुई सामान्य सभा भी हंगामाखेज रही. मेट्रो ट्रेन पर चर्चा की मांग करते हुए सभापति आसंदी के सामने पहुंचे भाजपा का पार्षद दल पहुंचा. हंगामे को देखते हुए सभापति ने दस मिनट के लिए स्थगित किया.

सामान्य सभा के दोबारा शुरू होते ही भाजपा पार्षदों ने फिर से हंगामा मचाना शुरू कर दिया. भाजपा पार्षद महापौर एजाज ढेबर से मेट्रो रेल को लेकर किए गए एमओयू पर जवाब की मांग कर रहे हैं.

# शंकराचार्य का रायपुर दौरा, गौध्वज स्थापना कार्यक्रम में होंगे शामिल

भास्कर दूत

रायपुर। गौध्वज स्थापना भारत परिक्रमा पर निकले उत्तरामनाय ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 07 अक्टूबर 2024 को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। उनका आगमन सड़क मार्ग से होगा और वे शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला में अल्प विश्राम करेंगे।



शंकराचार्य महाराज रायपुर स्थित श्री शंकराचार्य चौक कमलविहार में गौध्वज स्थापना कार्यक्रम में भाग लेंगे और ध्वजोत्तोलन करेंगे। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित धर्म सभा और पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे, जिसमें हजारों सनातनी व गौभक्त जुड़ेंगे। बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 07 अक्टूबर को रायपुर में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिसमें सुबह 11 बजे श्री शंकराचार्य चौक में गौध्वज स्थापना होगी, इसके बाद दोपहर 12 बजे कमल विहार गेट के सामने गोध्वज पूजन किया जाएगा। वही दोपहर 1 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विशाल जनसभा और पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। इस अवसर पर गौ रक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का आह्वान किया जाएगा। साथ ही में शंकराचार्य महाराज के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे।

## सार समाचार

### रायपुर में आज से सशस्त्र सैन्य समारोह



**रायपुर।** राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 05 से 06 अक्टूबर को होने वाले भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह की तैयारी जोरों पर है। इसमें शामिल होने के लिए भारतीय सेना की सैन्य हथियार आज राजधानी पहुंचे, जिसमें भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70, जेएडयू-23, स्ट्रेला और लोरोस शामिल हुए। इसका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ज़ोरा के मुख्य गेट पर सुबह कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। भीष्म टैंक और दूसरे सैन्य उपकरणों को वाहनों सहित फूल-मालाओं से सजाया गया था। लोगों ने इस आकर्षण क्षण को अपनें मोबाईलों में फोटो और वीडियों के रूप में रिकार्ड किया। जहां से भी यह काफिला गुजरा, वहां %भारत माता की जय% के जयकारों से गूंज उठा।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ललित तिवारी का निधन



**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व RDA अध्यक्ष ललित तिवारी का निधन सुबह आज साढ़े बारह बजे महामाया मंदिर में पूजा के दरम्यान हो गया। गौ़रतलब है कि ललित तिवारी पूर्व मंत्री स्व.शारदा चरण तिवारी के भतीजे और स्व. श्यामाचरण तिवारी जी के पुत्र थे।

### भाजपा नेता के भाई का निधन



**रायपुर।** जवाहर नगर निवासी किशन अग्रवाल का शुक्रवार को 63 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे स्व. नरसिंग अग्रवाल के पुत्र, श्याम सुंदर अग्रवाल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अजय और विजय अग्रवाल के भाई व भावेश अग्रवाल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम साढ़े चार बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा।

# सरकारी योजनाएं, जया के जीवन में आया बदलाव

भास्कर दूत



**रायपुर।** भारी मशीनरी की खनक-खनक की आवाज़ से अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। शुरू में जया को फैक्ट्री के जीवन की सटीकता और गति डरावनी लगी। याद रखने के लिए नियम थे, अनुसरण करने के लिए कदम थे और सम्मान करने के लिए पदानुक्रम थे।

38 साल की उम्र में, कोविड-19 की पहली लहर के दौरान अपने पति की अचानक मृत्यु के बाद, जया को एक ऐसी भूमिका में धकेल दिया गया था, जिसके लिए किसी ने उसे तैयार नहीं किया था। जया की कहानी महिलाओं को सशक्त बनाने और समुदायों को बदलने में लेबर हेल्पलाइन और लेबर रिसोर्स सेंटर के दूरगामी प्रभाव का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ श्रम विभाग को यूएनडीपी के संसाधन, विशेषज्ञता और सहायता ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जया ने कहा, जब मेरे पति का निधन हुआ, तो मुझे ऐसा लगा जैसे मैं घुटन भरे अंधेरे में घिर गई हूं, जिससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा है। पति की मृत्यु के बाद जीवन आर्थिक कठिनाइयों और सामाजिक कलंक से भरा हुआ था, जो अक्सर भारतीय समाज में विधवा होने के साथ होता है। जया दुख और अविश्वास के सागर में डूबी हुई थी। लेकिन जल्द ही उसे अपने पति के कर्ज की सच्चाई का सामना करना पड़ा। अनिश्चित वित्तीय भविष्य सामने था और जया जानती थी कि उसे चीजों को सही करने के लिए कार्यबल में प्रवेश करना होगा।

# राज्योत्सव 2024, सभी जिलों में होंगे कार्यक्रम

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह एक नवम्बर से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी।

शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किया जाए। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसदों, विधायकगण, जन-प्रतिनिधि को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के आयोजन में मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों को दी गई भावभीनी बिदाई

भास्कर दूत

रायपुर। - मत्स्य विभाग में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दिया।



उप संचालक कार्यालय रायपुर में पदस्थ सहायक अनुसंधान अधिकारी (म) राम स्वरूप पिपर, अनिल कुमार पौराणिक सहायक मत्स्य अधिकारी धरसिंवा और शत्रुहन लाल वर्मा भृत्य 30 अक्टूबर 2024 को अपने कार्यकाल से सेवानिवृत हो गए हैं। इस दौरान उप संचालक कार्यालय रायपुर में सेवानिवृत अधिकारी और कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया और उनके कार्यकाल को याद कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर मनोज कुमार पैकरा उप संचालक मत्स्य रायपुर, सतीश पटवर्धन उप अभियंता, निभा नम्रता मसीह शीघ्र लेखक, शशि शुक्ला सहायक ग्रेड 03 सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चूनाभट्ठी में अवैध शराब बेचने वाली महिलाएं गिरफ़्तार

भास्कर दूत

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभारी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर रायपुर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दौरान पेट्रोलिंग एवं अभियान कार्यवाही के मुखबीर से सूचना मिला कि चूनाभट्ठी मस्जिद के पास पदमा मुदलियार व उसकी लड़की लोग




मिलकर अपने घर में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहे है।

सूचना पर थाना स्टाफ महिला पुलिस बल के मुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर एक महिला एवं उसके दो लड़की को प्लास्टिक की बाल्टी एवं प्लास्टिक की बोरी में रखे शराब सहित पकडा गया, आरोपियों के पास रखे प्लास्टिक की बाल्टी एवं बोरी में रखे देशी मसाला शराब शोले कुल 70 पौवा रखा होना पाया गया, कि आरोपियों के कब्जे समक्ष गवाहान 70 पौवा देशी मसाला शराब शोले कुल 12600 बल्क लीटर कीमती 7700/- रूपये को जप्त किया गया जो मामला 34 (2) आबकारी अधिनियम का पाये जाने पर मौके पर गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों का पारिवारिक अपराधिक पृष्ठभूमि रहा है। पदमा मुदलियार के पति भिखारी मुदलियार पूर्व में थाना गंज का निगरानी बदमाश रह चुका है एवं पदमा मुदलियार के लड़के के विरूद्ध भी थाना गंज में अपराध दर्ज है। थाना क्षेत्र में नशे के सामग्री शराब गांजा एवं अन्य मादक पदार्थ की अवैध बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही लगातार की जा रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

01. पदमा मुदलियार पति भिखारी मुदलियार उम्र 45 साल

02. वर्षा मुदलियार पिता भिखारी मुदलियार उम्र 26 साल

03. ईशा मुदलियार पिता भिखारी मुदलियार उम्र 19 साल साकिनान चूनाभट्ठी मस्जिद के पास थाना गंज जिला रायपुर।

# मानव धर्म सर्वोच्च इसलिए करें भगवान की आराधना- रूचिता तिवारी

## महादेव भवन में भागवत कथा के द्वितीय दिन अनेक प्रसंगों पर दिया व्याख्यान

भास्कर दूत

बालोद। समस्त तीर्थ से बढ़कर देवी मां की कथा है, मां अपने बच्चों के साथ कभी भेदभाव नहीं करती, यही वजह है कि मां की जो पूजा करते हैं चाहे वह देव हो या दैत्य मां उन्हें वरदान देती है। मानव धर्म जो मिला है सर्वोच्च है इसलिए सर्वप्रथम भगवान की आराधना करनी चाहिए।





श्रद्धा से बढ़कर कोई पूजा नहीं होती पर आज मनुष्य जब दुनिया से ठोकर खाता है तब भगवान को याद करते हैं। यह बातें महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक लाडली रुचिता तिवारी ने कही।

श्रीमद् देवी भागवत कथा के द्वितीय दिन कथा व्यास लाडली रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया। हयग्रीव अवतार की कथा बताते हुए कहा कि इसके लिए भगवान को इस दैत्य है गुरु की तरह बनना पड़ा क्योंकि है हयग्रीव को वरदान था कि उसे उसी की तरह का ही जीव मार सकता है। हयग्रीव का रूप लेने के लिए भगवान का सिर भी कटा जिसका उन्हें श्राप मिला था। कथा के दौरान रुचिका तिवारी ने प्रत्येक घटनाओं का संदर्भ जिक्र करते हुए बहुत ही आसान तरीका से श्रद्धालुओं को समझाया।

मधु कैटभ वध, व्यास जी की तपस्या, सुखदेव जन्म, सुखदेव गृह त्याग, राजा शांतनु की कथा, सत्यवती उत्पत्ति, भीष्म की कथा, कौरव पांडव का जन्म व इतिहास की कथा विस्तार से बताई।

### संकटों का निवारण करती हैं मां भगवती

कथा के दौरान रुचिका तिवारी ने कहा कि मां भगवती सब का ध्यान रखती हैं। सबके संकटों का निवारण भी करती हैं। जब-जब देवों में संकट आया तब तब सभी देव मां भगवती की ही आराधना किए, उन्होंने कहा कि मां भगवती तो सारे जग की मां हैं। जग के सारे प्राणी उनकी संतान हैं, जो भी मां भगवती की आराधना करेगा उसे उसका पुण्य लाभ अवश्य मिलेगा। चाहे वह दैत्य ही क्यों ना हो। उन्होंने आसान तरीके से बताया कि किस तरह दैत्यों को भी मां की आराधना के कारण बड़े-बड़े वरदान मिले, ऐसे ही कुछ वरदानों के कारण भगवान को अवतार लेना पड़ा। कथा के दौरान भजनों में श्रोता झूम उठते हैं।

### व्यवस्था को लेकर समिति के सदस्य सक्रिय

दुर्गा समिति के सदस्य व्यवस्था बनाने में लगातार सक्रिय हैं। समिति के लोगों ने धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक कथा का हिस्सा बनें। गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा पर मुख्य जजमान गोवर्धन चांडक सहित काफी संख्या में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल , जगदीश पटेल, राजा टावरी, पप्पू रघुवंशी, यग दत्त शर्मा , मोहन शर्मा, अमृत भाई पटेल, बाबू भाई पटेल, विश्राम भाई पटेल, राम रतन टावरी, गौतम बाफना, टीकम पिपरिया, पुरुषोत्तम देशमुख, मधुसूदन देशमुख आदि मौजूद रहे।

# गुण्डरदेही रैली में बसपा ने दिखाया दम



भास्कर दूत

बालोद। अनुसुचित जाति जन जाति के विरुद्ध आरक्षण में क्रिमीलेयर को लेकर प्रदेश भर में आयोजित की जा रही आत्म-सम्मान व स्वाभिमान जगाओ रैली आज शुक्रवार को गुण्डरदेही में हुई।अर्जुन्दा चौक से प्रवेश कर रैली राजनांदगांव, देवरी होते हुए चलकर आई और गण्डरदेही धमतरी चौक में सभा के रूप में परिवर्तित हुई, जिसे क्षेत्र, प्रदेश तथा देश में अनुसूचित जाति व जनजातीय आरक्षण तथा मंडल आयोग की शिफारिश पर ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की केंद्र सरकार की योजना पर अब सवाल उठ रहा है। रैली में आए बी-एस.पी के अंतिथियों ने बाबा साहब डा-भीमराव अम्बेडकर और बीएसपी के संस्थापक मान्यवर साहब काशीराम के तैल चित्र में पुष्प अर्पित करने के उपरांत, सभीने बलौदाबाजार की घटना पर बेकसूर लोगों की रिहाई की मांग की। घटना को लेकर बीजेपी और कांग्रेस की मिली जुली साजिश बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की गई।

रैली का संचालन जिला अध्यक्ष अशोक कुमार आडिल प्रभारी प्रेमलाल भारती सोनवानी बाबूलाल सिन्हा अधिवक्ता प्रेमदास इंडन छन्नलाल टंडन दिनेश मधुकर मानिश नारंग, प्रभारी द्वारा विभिन्न दूरदराज से आए समस्त बहुजन कार्यकर्ता साथियों के साथ रैली में हुंकार भरी। प्रभारी दाऊराम रत्नाकर, प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार प्रदेशाध्यक्ष श्याम खंडन पूर्व प्रभारी ओमप्रकाश वाजपेयी लता गेडाम आदि ने लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता बाबूलाल सिन्हा ने किया।

# साजा नगर में दिन की शुरूआत हरिनाम संकीर्तन प्रभात फेरी से


## साजा में 51 फिट स्तंभ में नया ध्वजारोहण किया गया

भास्कर दूत

साजा। शारदीय दुर्गा नवरात्र के प्रथम दिवस एकम को साजा नगर के धर्म ध्वज चौक में स्थापित 51 फिट धर्म ध्वज स्तंभ में नया ध्वज का पूजन कर आरोहण किया गया साथ ही श्रीहनुमान चालीसा का पाठ एवं श्रीरामजी की आरती पश्चात जय श्रीराम उदघोष के साथ संपन्न हुआ। साथ ही तीन दिवसीय आरएसएस शाखा में शामिल हुए सदस्यों का भी सम्मान किया गया इसके लिए श्रीहरिनाम संकीर्तन सेवा संस्थान साजा द्वारा सभी सनातनीय भक्तों, नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ आभार एवं धन्यवाद दिया गया।



ज्ञात हो कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीरामलाल मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही प्रतीक स्वरूप हमारे धर्मनगरी साजा में 51फीट उंचे स्तंभ में धर्म ध्वज की स्थापना ब्राम्हणों द्वारा मंत्रोच्चार, विधि विधान, पूजा आरती के साथ शोभायात्रा निकालकर किया गया है तब से लेकर आज तक लोकमंगल जनकल्याण की भावना से प्रत्येक सुबह ढोलक मजीरा के साथ संकीर्तन मंडली के सदस्यों, भक्तों एवं नगरवासियों के द्वारा हरिनाम संकीर्तन करते हुए धर्म जागरण प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण किया जाता है।



इसके साथ ही श्रीहरिनाम संकीर्तन सेवा संस्थान द्वारा सप्ताह में प्रत्येक शनिवार संध्या 7 बजे 1.30 घंटा साजा नगर के किसी एक मंदिर या नगरवासी के घर जाकर निःशुल्क श्रीरामचरित मानस पाठ, श्रीहनुमान चालीसा पाठ, भजन-संकीर्तन एवं सत्संग किया जाता है। इसका उददेश्य श्रीरामचरित मानस से जुडकर मर्यादा एवं अनुशासन से जीवन जीना, सनातन धर्म का प्रचार कराना है। इस तरह संस्था द्वारा समय समय पर राष्ट्रीय, धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यों में अपना सहयोग देते रहता है जिसकी प्रशंसा व सराहना नगरवासी एवं क्षेत्रवासी करते रहते हैं।

**कार्यक्रम में श्रीहरिनाम संकीर्तन सेवा संस्थान के सदस्यगण आचार्य श्री हरीश चतुर्वेदी ( भगवताचार्य ), तोरण लाल सिन्हा, रामअवतार वर्मा, विरेन्द्र पटेल, रवि शंकर तिवारी, केशवराम साहू, महेश कुमार सोनी, हरिशंकर सिन्हा, उत्तम सिन्हा, ओमप्रकाश पाटकर, छबि साहू, रामचन्द्र निर्मलकर, कैलाश सोनी, भोजराम साहू, संतोष राठी, ददद् देवांगन, सौरभ यादव, अमन साहू के अलावा साजा नगर के धर्मप्रेमी भक्तजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।**

# आमदी में चरवाहे की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

## थाना अर्जुनी एवं सायबर तकनीकी सेल द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही

भास्कर दूत

धमतरी। प्रार्थी राजेश पटेल पिता स्व दुर्गाराम पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी आमदी थाना अर्जुनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आत्मा राम पटेल उम्र 50 वर्ष 30 सितंबर कीसुबह लगभग 11 बजे को बकरी चराने के लिए आमदी से भानपुरी रोड़ बड़े नहरनाली तरफ गया था जिनका शव 1 अक्टूबर की सुबह लगभग 8:30 बजे बड़े नहरनाली पार में पोखराज साहू के खेत के पास धरसानाली पानी में मिला थाना अर्जुनी में धारा 194 बीएनएसएस. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया एवं मृतक के शव को पीएम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



अर्जुनी पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा विवेचना के दौरान घटना स्थल एवं आस पास से मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी सुकालू राम चेलक को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की गई। जिस पर आरोपी ने अपने मेमों. कथन में बताया गया कि करीब 1 माह पूर्व मृतक आत्मा राम पटेल के साथ विवाद हुआ था। जिससे वह उससे दुश्मनी रखता था।30 सितंबर के करीब 1:30 बजे घटना स्थल ग्राम आमदी बड़े नहरनाली पार के पास उसी बात को लेकर मृतक एवं आरोपी के बीच विवाद हुआ और आरोपी मृतक को अपने पास रखे लकड़ी के डण्डा से प्राणघातक वार कर हत्या करना बताया। हत्या करने में प्रयुक्त लकड़ी के डण्डा को घटना स्थल के पास धान के फसल वाली खेत में फेकना तथा घटना के समय पहने कपड़ा को अपने कमरे में रखना बताया। 3 अक्टूबर को आरोपी से घटना में लकड़ी का डण्डा जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करना एवं पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी सुकालू चेलक पिता स्व0 सोनू राम चेलक उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम चुनकट्टा थाना उतई जिला दुर्ग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अर्जुनी सन्नी दुबे, सउनि. उत्तम निषाद प्रआर0 लोकेश नेताम देवेंद्र राजपूत, खोमेंद्र भारद्वाज, आरक्षक योगेश नाग, दीपक साहू, फ़नेश साहू, मुकेश मिश्रा, खेमू हिरवानी, राजेश साहू, प्रशांत पांडे, संजय ठाकुर, भागवत साहू शामिल रहे।

# सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों को जारी किया गया पीपीओ-जीपीओ

भास्कर दूत




जांजगीर-चांपा /कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त उपरांत उनके पेंशन भुगतान आदेश एवं मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपदान भुगतान आदेश प्रदाय किया जा रहा है। निर्देशानुसार सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा माह सितम्बर 2024 में सेवा निवृत्त होने वाले कुल 14 कर्मचारियों में से 10 प्रकरण तैयार कर, संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को प्रेषित किये जाने पर 03 प्रकरण स्वीकृत किया गया। शेष प्रकरणों पर स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।प्रकरण स्वीकृत होने पर श्री सनत कुमार रजक और श्री गुरूनारायण रायसागर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह सहित 02 सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों को कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा नीम के पौधे एव साल से सम्मानित करते हुये पेंशन भुगतान आदेश, मृत्यु सह उपदान भुगतान आदेश एवं पेंशन परिचय पत्र प्रदाय किया गया। साथ ही प्रदाय किये गये पौधे की देखभाल करने की भी जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जांजगीर डॉ रूपेश कुमार पाठक, सहायक कोषालय अधिकारी श्री ज्ञानेश्वर कुमार बरेठ, श्री कमल कुर्रे, सहायक ग्रेड-01, श्री महेन्द्र पाठक, श्री रामगोपाल यादव सभी कोषालय स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# 7 लाख रुपए की लागत से कचरा संग्रहण सेड का निर्माण

भास्कर दूत






दल्लीराजहरा - ग्राम पंचायत अरमुरकसा में गांधी जयंती के पावन अवसर पर गांव को स्वच्छता की दिशा में अग्रसर करते हुए जनपद सदस्य संजय बैंस ने कचरा संग्रहण सेड जिसकी 7 लाख रुपए की लागत का भवन का लोकार्पण किया इस अवसर पर सरपंच सरोज बाई बालेंद्र समाजसेवी डाकटर नसीम खान उप सरपंच दयालु राम भंडारी उपस्थित रहे सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर जनपद सदस्य संजय बैंस के हाथो फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सरपंच सरोज बाई ने बताया की हमारे गांव के स्व सहायता महिला समूह के द्वारा गांव के सभी घरों से कचरा का संग्रहण कर आज जिसका लोकार्पण हुवा उस भवन को कचरा कलेक्शन भवन बनाया गया है कार्यक्रम के मुख्यातिथि जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा की महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर इस पुण्य कार्य का लोकार्पण जो हुवा और हम सब सकल्पित है अपने गांव को स्वच्छता की दिशा में आगे बड़ाकर अपने गांव की स्वच्छ रखने की गांव की जागरूक महिला अपनी जय मां सरस्वती बनाकर घर घर कचरा संग्रहण करने का जिम्मा लिए है मैं उनका साधुवाद देता हु और हमारी बहने गांव का स्वच्छ बनाने में अपनी अच्छी भूमिका का निर्वाह कर रही है तो मैं भी गांव के गांव के सेवक होने के नाते सभी घरों में डस्टबीन प्रदान करने के लिए 150000 हजार की राशि अपनी निधि से स्वीकृति प्रदान करता हु जिससे हमारी बहनों को घर से कचरा का को उठाने में दिक्कत नहीं होगी आज गांधी जी की जयंती है और उनके संकल्प को हमारे जीवन पर उतार कर गांव को विकास के साथ स्वच्यता की ओर हमे आगे बड़ाना है इस अवसर पर आभार ग्राम की पंचायत सचिव बिना टेकाम ने किया इस कार्यक्रम में बहूरबाती चमेली बाई,पूर्णिमा तारम, नगीना बाई,महेश्वरी बाई, पूर्णिमा पिस्दा, मीना बाई, बैस्खिन बाई, राजो बाई,रामहीन बाई के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कटरा जंगल में जुआ खेलने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदा।** कटरा जंगल में जुआ खेलने वाले 4 आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार मौके से उपेंद्र राठौर 49 साल निवासी चितरपारा जांजगीर, प्रेमचंद महंत उम्र 33 साल निवासी दीपका अवधनगर कोरबा, समी उल्ला खान उम्र 34 साल निवासी भैसमा थाना उरगा जिला कोरबा, मुकेश कुर्रे उम्र 19 साल निवासी बिरगहनी थाना बलौदा को जुआ खेलते पकडा गया। जिसके कब्जे से नगदी रकम 31030 रूपए एवं 52 पत्ती तास, 2 नग मोबाईल, 4 मोटर सायकल को बरामद किया जाकर आरोपीयो का कृत्य धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित करना सबूत पाए जाने से गिरफ्तारी कार्यवाही किया गया है।

### ट्रेन से कटकर सीआईएसएफ हेड कांस्टेबल की मौत

**जांजगीर-चांपा।** ट्रेन से कटकर सिवनी चांपा के सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर 1 बजे कोरबा रेल लाइन में एक व्यक्ति का ट्रेन से कटा शव मिला। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी उक्त व्यक्ति के कपड़ो के तलाशी लेने पर इसका आधार कार्ड व परिचय पत्र मिला, जिसके आधार पर परिजनो से संपर्क किया गया उसकी पहचान सीआईएसएफ प्रधान आरक्षक रविंदर कुमार निवासी ग्राम बेरीचाहर कागरोल आगरा यूपी के रूप में की गई।

### जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. पटेल

**चांपा।** जनता कांग्रेस के कार्यक्रम में चाम्पा नगर के डॉक्टर व समाजसेवी डॉक्टर के.एल. पटेल को जनता कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में जनता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक डॉक्टर महताब राय द्वारा डॉक्टर पटेल की नियुक्ति उनकी गतिविधियों सक्रियता को देखते हुए की गई है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महताब राय ने बताया कि जनता कांग्रेस पार्टी एक लोकतांत्रिक सामाजिक समरसता विकास आधारित पार्टी है जो देश के विकास के लिए कार्य करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉक्टर पटेल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी के कार्यों को गति मिलेगी।

### तालपुरी में रैली निकाल कर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



**भिलाई।** स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति,छत्तीसगढ़ की टीम के लगातार 83 वें सप्ताह में नाड़ी वैद्य संरक्षक बिरेन्द्र कुमार देशमुख एंव प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन में 2अक्टूबर महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर तालपुरी भिलाई में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागृत किया।इसी कड़ी में ग्राम पिपरछेड़ी में माता दाई मार्ग एवं शिव हनुमान मंदिर बिलासपुर में भी नवरात्रि पर्व पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया।इस पुनीत कार्य में प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल,भानु सिंह साहू, भानु शंकर बेलचंदन ,शिवकुमार शुक्ला ,सुधीर गढेवाल,सोनाली शिंगणे,जयेश शिंगणे, राम गोपाल साहू,कुंवर सिंह देशमुख, मोनिका साहू,सरोज टहनगुरिया,श्वेता जैन, जे आर बिसेन,बी एल तिवारी,पी एल स्वर्णकार,उमेद साहू,प्रभारी दिनेश देशमुख, सागर,लालजी,मोहन नेताम,पूरन,होमन,नारायण, तिलक, रामनाथ,तोमेश्वर देशमुख,सदस्य त्रिलोक देशमुख, देवशरण, सुरेश,घोले जी,राजीव,अमित,फनेन्दशामिल हुए।

### लैब टेक्निशियन भर्ती परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**कोरबा ।** प्रयोगषाला तकनीषियन (लैब टेक्निषियन) भर्ती परीक्षा का आयोजन 06 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को समय दोपहर 02 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल के गठन हेतु आदेष जारी किए हैं। उक्त दल अंतर्गत परीक्षा केंद्र 22001 से 22008 के लिए तहसीलदार दीपका श्री अमित कुमार केरकेट्टा, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अमिता साहू तथा व्याख्याता षासकीय उच्चतर माध्य. विद्यालय कनकी श्री सुखीराम यादव को षामिल किया गया है। इसी प्रकार परीक्षा केंद्र 22009 से 22017 तक अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा श्री किषोर कुमार षर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी कोरबा एवं षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा श्री संजू खाखा की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उपरोक्त अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति कलेक्टर कार्यालय में नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से देने के लिए निर्दीषित किया गया है।

## संपादकीय

# प्रोपेगंडा, दोहरापन और गैरजिम्मेदारी

हमारे नेता नियमित रूप से प्रोपेगंडा, उपदेश, दिखावे, आदि करते रहते हैं। जबकि वास्तव में ताउम्र गद्दीनशीनी और तरह-तरह से दोहन की फिक्र में रहते हैं। यह स्वतंत्र भारत में शुरू से ही स्थापित मॉडल बन चुका है। सामान्य राजकाज अफसरों पर छोड़ा रहता है, जो उसे अपनी स्थिति, प्रवृत्ति और अवसरवादिता से जैसे-तैसे चलाते हैं। विभिन्न दलों और नेताओं में यही आम नमूना है। जो भी अंतर, वह मात्र डिग्री व रूप का है।

इसलिए क्योंकि भारत के नेता ही किसी देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। और हमें गप्पी गाय' की उपाधि चीनी नेता माओ ने दी थी। पड़ोसी होने के नाते विविध प्रसंगों, अनुभवों पर ही उन्होंने अपनी राय बनाई होगी। माओ के अनोखे मुहावरों का प्रायः कोई स्पष्टीकरण नहीं मिलता। उन का आशय अनुमान से ही समझना होगा।

वैसे, मुहावरे के दोनों शब्द सरल हैं। उन्हें मिलाकर अर्थ कुछ यही बनता है कि हम लोग बातें बनाने वाले, परन्तु दरअसल निरीह, नासमझ, और निकम्मे हैं। हमारे नेताओं की बातों और काम में कुछ भी प्रमाणिक (ऑथेन्टिक), गंभीर (सिन्सियर), या निस्वार्थ (डिसइन्टेरेस्टेड) नहीं रहा है, यह हमारे भी एक विद्वान ने 1952 में ही पाया था जिन की दृष्टि विशाल और पैनी थी।

सो, यह दुखद चरित्र स्वतंत्र भारत में आरंभ से बना, जो ब्रिटिश-राज के ठीक विपरीत था! ब्रिटिश शासक और अफसर यहाँ अपनी नीति, कानून और प्रशासन में कभी भी दिखावटी, भीरू या भ्रष्ट नहीं रहे थे। यह सभी भारतीय भी मानते थे। जबकि हमारे नेताओं की बातें प्रायः ऊपरी, कर्महीन, तथा उपदेशात्मक रही हैं। जिन का वास्तविक सामाजिक, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय हालातों से कम ही लेना-देना रहा। फलस्वरूप किसी मामले पर सही उपाय ढूँढ कर लगने, जरूरी कदम लेकर खतरे उठाने से भी उन का संबंध नहीं रहता। अप्रत्याशित या प्रत्याशित विकट घटनाओं पर भी लीपापोती करने, या शुतुरमुर्ग-सा सिर छिपा समय गुजारने की प्रवृत्ति उन में रही है। अर्थात, अपवाद छोड़ हमारे नेताओं में नीति-निर्माण और शासन की समझ तक नहीं रही है। इसी को माओ और आइजनहावर जैसे विदेशी नेताओं ने हैरत से देखा था! पहले गाँधीजी हिटलर को उपदेश लिखते थे, तो बाद में नेहरू अमेरिका को उसी के देश में लेक्चर पिलाते थे। कोई अपने धज-प्रवचनों से दूसरा जीसस' होने, तो कोई बस कबूतर उड़ा कर विश्व-शांति का मसीहा' होने का गुमान रखते थे। जबकि अपने देश-समाज की भी असलियत देखने की सूझ उन्हें न थी! अतः उन के गप्पी गाय' होने की उपमा ठोस अनुभव, अवलोकन पर बनी थी। क्या आज भी वह गलत लगता है? हमारे नेता नियमित रूप से प्रोपेगंडा, उपदेश, दिखावे, आदि करते रहते हैं। जबकि वास्तव में ताउम्र गद्दीनशीनी और तरह-तरह से दोहन की फिक्र में रहते हैं। यह स्वतंत्र भारत में शुरू से ही स्थापित मॉडल बन चुका है। सामान्य राजकाज अफसरों पर छोड़ा रहता है, जो उसे अपनी स्थिति, प्रवृत्ति और अवसरवादिता से जैसे-तैसे चलाते हैं।

विभिन्न दलों और नेताओं में यही आम नमूना है। जो भी अंतर, वह मात्र डिग्री व रूप का है। वही अनुकरण नीचे तक अनुयायी करते हैं। सोशल मीडिया में भी इस के अंतहीन उदाहरण रोज दिखते हैं ड्ढ परनिन्दा, शेखी, और हर विषय पर इन्सटैंट ज्ञान। यह सब हम ने कहाँ से सीखा? अपने नेताओं से। वे ही संपूर्ण वाद-विवाद, तैश-तुर्शी को निर्देशित करते हैं। भारत में राष्ट्रीय विमर्श सदैव नेताओं द्वारा प्रवर्तित व नियंत्रित रहा है। समाजवाद, सेक्यूलरवाद से लेकर जातिगणना, और कण-कण में छीन-झपट के आरक्षण की सारी बातें व गतिविधियाँ सदैव ऊपर से चली हैं। विवेकशील, कर्मठ और न्यायपरक अधिकारियों का स्थान अंग्रेजी राज के साथ ही जाता रहा था। चाटुकार, अवसरवादी और भ्रष्टाचारी लगभग फौरन छा गये थे। अतः स्वतंत्र भारत का इतिहास माओ के अवलोकन की पुष्टि ही करता है। गाँधीजी के खलीफत भाषणों, एक वर्ष में स्वराज ले लेंगे' से लेकर, मैंने सेना को कह दिया है कि चीनियों को सीमा से बाहर फेंक दें', और आज के अच्छे दिन आ गये' जैसे दावों में समान तत्व क्या है? बड़बोलापन; गंभीर मामलों पर भी नासमझी का प्रदर्शन; समस्या को ठीक-ठीक जानने से भी बेपरवाह बस मन की तरंग से आसान हल देने की नीम-हकीमी; ठोकर खाकर भी अनुभव से कुछ न सीखना; अपनी करनी के कुपरिणाम की जिम्मेदारी न लेना; सच्ची समीक्षा न करना न करने देना; नेतृत्व में अपनी ताउम्र अपरिहार्यता मान कर चलना; देश-विदेश के दबंग शत्रुओं से नजर बचाना; उन पर बोलने से भी कतराना; तथा, इन तमाम आदतों से हो रही राष्ट्रीय हानियों पर पर्दा डालना।

# भाजपा के हिन्दुत्व में रुकावट है एससी-एसटी पर अत्याचार



योगेंद्र योगी

हिन्दुओं की एकता की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी का यह सपना शायद ही कभी पूरा हो सकेगा। देश में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचारों के मामले में देशभर में उत्तरप्रदेश पहले, मध्यप्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर है। इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि हाशिए पर रह रहे इन वर्गों पर अत्याचारों का मामला राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बन सका। इन वर्गों की दुहाई के लिए घडियाली आंसू बहाने वाले राजनीतिक दलों और संगठनों ने इन अत्याचारों पर धरना-प्रदर्शन करना तो दूर मुंह तक नहीं खोला।

भाजपाशासित राज्यों में एससी-एसटी पर अत्याचार शीर्ष पर होने के बावजूद यह मुद्दा चिंता का विषय नहीं बन सका। अत्याचारों के आंकड़ों की यह तस्वीर भाजपा के हिन्दुओं के एकता की सच्चाई उजागर करती है। एक सरकारी रिपोर्ट से पता चला है कि वर्ष 2022 में अनुसूचित जातियों (एसटी) के खिलाफ 97.7 प्रतिशत अत्याचार 13 राज्यों में केंद्रित थे, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसे मामलों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में 12,287 मामले (23.78 प्रतिशत), राजस्थान में 8,651 मामले (16.75 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश में 7,732 मामले (14.97 प्रतिशत) दर्ज किए गए। इसके अलावा अन्य राज्यों में अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें बिहार में 6,799 मामले (13.16 प्रतिशत), ओडिशा में 3,576 मामले (6.93 प्रतिशत) और महाराष्ट्र में 2,706 मामले (5.24 प्रतिशत) शामिल हैं। वर्ष 2022 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए कुल मामलों में से लगभग 81 प्रतिशत केवल इन छह राज्यों में दर्ज किए गए। इस अधिनियम के तहत 2022 में अनुसूचित जातियों के खिलाफ कुल 51,656 मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ये मामले भारतीय दंड संहिता के तहत भी दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि एसटी के खिलाफ अत्याचार के अधिकांश मामले भी 13 राज्यों में हुए। एसटी से जुड़े 9,735 मामलों में से मध्य प्रदेश में 2,979 मामले (30.61 प्रतिशत), राजस्थान में 2,498 मामले (25.66 प्रतिशत) और ओडिशा में 773 मामले (7.94 प्रतिशत) दर्ज किए गए। एसटी से संबंधित अन्य मामलों में महाराष्ट्र में 691 मामले (7.10 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश में 499 मामले (5.13 प्रतिशत) शामिल हैं। इस रिपोर्ट में जांच और चार्जशीट से संबंधित डेटा भी प्रस्तुत किया गया है। अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में 60.38 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए, जबकि झूठे दावों या सबूतों की कमी के कारण 14.78 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई। वर्ष 2022 के अंत तक 17,166 मामलों की जांच अभी भी लंबित थी। अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों में 63.32 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए, जबकि 14.71 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई। 2022 के अंत तक 2,702 मामलों की जांच जारी थी। रिपोर्ट में एक प्रमुख चिंता अधिनियम के तहत दोषसिद्धि दर में गिरावट है; साल 2022 में यह दर 2020 के 39.2 प्रतिशत से घटकर 32.4 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में इन मामलों के निपटारे के लिए विशेष अदालतों की अपर्याप्त संख्या पर भी चिंता व्यक्त की गई है। 14 राज्यों के 498 जिलों में से केवल 194 जिलों ने विशेष अदालतें स्थापित की हैं ताकि मामलों की तेजी से सुनवाई हो सके। रिपोर्ट में ऐसे विशिष्ट जिलों की पहचान की गई है जहां अत्याचार की घटनाएं काफी अधिक हैं, लेकिन केवल 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ऐसे जिलों की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में, जहां अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की अधिक संख्या दर्ज की गई, वहां कोई अत्याचार-ग्रस्त जिला नहीं बताया गया। रिपोर्ट में जाति आधारित हिंसा को रोकने और कमजोर समुदायों के लिए मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन जिलों में हस्तक्षेप करने का आह्वान किया गया है। अनुसूचित जाति-जनजाति पर अत्याचारों की रोकथाम करने के लिए किए गए सरकारी उपाय दिखावटी साबित हुए हैं। यह समस्या सुरसा की तरह मुंह फाड़े चली आ रही है। आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में एससी/एसटी संरक्षण प्रकोष्ठ स्थापित किये गए हैं।




> इस रिपोर्ट में जांच और चार्जशीट से संबंधित डेटा भी प्रस्तुत किया गया है। अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में 60.38 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए, जबकि झूठे दावों या सबूतों की कमी के कारण 14.78 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई।

बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश में एससी/एसटी अपराधों से निपटने के लिये विशेष पुलिस स्टेशन स्थापित किये गए हैं। दूसरे शब्दों में कहे तो इन वर्गों पर अत्याचारों के मामले में पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान लगते रहे हैं। यदि पुलिस ईमानदारी से कार्रवाई करती तो अत्याचारों के इन आंकड़ों की नौबत नहीं आती। एससी-एसटी अधिनियम, 1989 संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है जो एससी एवं एसटी समुदायों के सदस्यों के विरुद्ध भेदभाव का निषेध करने तथा उनके विरुद्ध अत्याचार को रोकने के लिये बनाया गया है। यह अधिनियम इस निराशाजनक वास्तविकता को भी स्वीकार करता है कि अनेक उपाय करने के बावजूद अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को उच्च जातियों के हाथों विभिन्न प्रकार के अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है। यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 15 (भेदभाव का प्रतिषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) में उल्लिखित संवैधानिक सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है, जिसका दोहरा उद्देश्य इन कमज़ोर समुदायों के सदस्यों की सुरक्षा के साथ-साथ जाति आधारित अत्याचारों के पीड़ितों को राहत और पुनर्वास प्रदान करना है।

> यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 15 (भेदभाव का प्रतिषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) में उल्लिखित संवैधानिक सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है, जिसका दोहरा उद्देश्य इन कमज़ोर समुदायों के सदस्यों की सुरक्षा के साथ-साथ जाति आधारित अत्याचारों के पीड़ितों को राहत और पुनर्वास प्रदान करना है।

# अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय हुई थी, जब अंग्रेजों की दासता में भारतीय संस्कृति का सर्वनाश हो रहा था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों एवं भारतीय समाज के लिए संघ के अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करना एक गर्व का विषय हो सकता है। संघ के स्वयंसेवक समाज में अपना सेवा कार्य पूरी प्रामाणिकता से बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से करते रहते हैं। वरना, भारत सहित पूरे विश्व में आज ऐसा माहौल बन गया है कि कुछ संगठन जो समाज में सेवा कार्य करते तो बहुत थोड़ा है परंतु उस कार्य का बहुत अधिक प्रचार प्रसार करते हैं। इसके ठीक विपरीत संघ के स्वयंसेवक चुपचाप समाज में अपने ईश्वरीय कार्य को सम्पादित करते रहते हैं, कई बार तो संघ के पदाधिकारियों को भी इस बात का आभास नहीं हो पाता है कि हमारे संघ के स्वयंसेवकों ने समाज में कोई विशेष सेवा कार्य सम्पन्न किया है। दरअसल, संघ के स्वयंसेवकों को यह संस्कार संघ की शाखा में प्रदान किए जाते हैं। और, इसी प्रकार की कई अन्य विशेषताओं के चलते, आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन कहा जाने लगा है।



भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय हुई थी, जब अंग्रेजों की दासता में भारतीय संस्कृति का सर्वनाश हो रहा था। इससे व्यथित होकर डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के पावन अवसर पर वर्ष 1925 में की थी। मार्च 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं,

## मां भारती की गाथा

चलो सुनाएं मां भारती की गाथा।  
जहां जन्में भगवान कृष्ण, और हमारी मां राधा।।  
सोने की धरती है, मसालों का देश है।  
अनेक धर्म की भूमि है, संस्कृति के अनेक भेश है।।  
ताजमहल का संगमरमर, चमकता दूध सा श्वेत हैं।  
रेगिस्तान की गर्मी, और शिमला का ठंड भी नेक हैं ।।  
घने जंगल से लेकर, नदियों का ढेर भी एक है।।  
यहां जात धर्म को भूल कर, मानव मानव एक है।।  
हिमालय की उंचाई है, समुद्रों का लहर भी बेशुमार हैं।  
इस अनेक भाषाओं की पावन भूमि पर, परंपराओ का भंडार है।।  
दिवाली की रौशनी और होली के रंगों का बौछार हैं।।  
जिन हाथों ने इस देश को गढ़ा उनकी महिमा अपरंपार है।।  
यहां लोग जन्माष्टमी की धूम, और नवरात्र के गरबे में मस्त मलंग है।  
यहां रक्षाबंधन की राखी, और सं न्ति के रंगीले पतंग है।।  
मां गंगा की निर्मल धारा है, यमुना का दिव्य किनारा है।  
मां गोदावरी व नर्मदा का, तट भी अति प्यारा है।।  
वृक्षों की हैं छाया, पुष्पों की वर्षा महान हैं ।*  
चंदन की हैं खुशबू यहां, और केशर का बागान है।।  
कमल में है पवित्रता, जिसमे मां लक्ष्मी विराजमान है।  
गुलाब की हैं सुन्दरता, जो प्रेम की पहचान है।।  
धर्मो में हैं विविधता, पर आपस में प्रेम अपार हैं  
भारत के सम्पूर्ण धर्मो में, मानवता ही एक सार है।।  
इसी लिए तो पुरे विश्व में भारत माता की जय जयकार है, भारत माता की जय जयकार है।

मेघराज भट्ट (साहिल)  
एलएलबी छात्र



# सोशल मीडिया पर फ्लैगिंग के नए चलन से रिश्तों में आती दरार




देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। आपसी संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रैंड चल पड़ा है। पहली बात तो यह कि लोगों का सोशल मीडिया पर रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल पड़ा है। मजे की बात यह कि सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का नया दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से हैं। देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किये जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुच रहा है। दर असल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा हैं और इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएँगी। आज अपनी पुरानी गलतियों को भूलकर आगे बढ़ेंगे, जल्दी ही आप अपनी सफलता का मार्ग खोज लेंगे।

**मिथुन**
वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है 7 आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। कार्यस्थल पर वास्तु के नियम का पालन करने से सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा ।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी के साथ बेवजह की बहसबाजी में ना पड़ें। इससे रिश्ते खराब होंगे और आपके कामों में भी व्यवधान आएंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। आज किसी भी योजना को सोच-विचार करके कार्य रूप देने से कोई लक्ष्य हासिल होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि न लें । आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आज आप कोई भी फैसला लेने में सहज महसूस करेंगे। पारिवारिक सुख सुविधाओं संबंधी चीजों की शॉपिंग में दिन अच्छे से बीतेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने परिवार के लिए निकालना रिश्ते में मधुरता लाएगा । आज व्यवसाय संबंधी कोई भी डील मिले तो उसे हासिल करने में ज्यादा सोच-विचार ना करें। क्योंकि आज सही समय पर ही किए कामों के नतीजे अनुकूल रहेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कुछ समय से चल रही पारिवारिक समस्याएं निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। आज दूसरों के मामले में बिना मांगे सलाह न दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज स्टाफ और सहयोगियों के साथ किसी विशेष कार्य पर विचार विमर्श होगा, जो कि सकारात्मक रहेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है ।आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा हो जायेगा। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए या अटके हुए थे, आज वह कम मेहनत से ही सफल हो सकते है । विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति ध्यान केंद्रित रखेंगे ।

## माँ दुर्गे जागो, स्वप्न को साकार करो

हे शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गे जागो,  
देख रहे हैं दुष्ट कह रहे हैं भागो।  
माँ दुखियों के संकट दूर करो,  
खुशियों से उनका दामन भरों।  
सकल शक्ति का विस्तार करो  
मातृ-भूमि के संकटों को हरों।  
बेटियों के दामन को दाग लगाते,  
ये कलयुगी दैत्यों का संहार करो।  
वृद्ध माता-पिता पर जुल्म कर रहें,  
उन पुत्रों के बुद्धि का विस्तार करो।  
सिक्को के खन-खन मोहपाश में,  
उलझे देशद्रोहियों का संहार करो।  
इन भ्रष्ट हो रहे शासक दलों में,  
देश और राष्ट्रभक्ति का संचार करो।  
लोभ,मोह व मोबाइल में उलझी हुई,  
युवा तरुणाई का भी ध्यान भंग करो।  
न्यून वस्त्र की माया में डूबी बेटियों को,  
पूर्ण वस्त्र धारण करने का अंकुरण करो।  
हे शक्ति स्वरूपा धारिणी माँ दुर्गे जागो,  
दुखों का नाश और सुखों की कल्पना को,  
हे नवरूपिनी हमारे स्वप्न को साकार करो।

**संजय एम. तराणेकर**  
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**  
**इंदौर (मध्यप्रदेश)**

## मेरे घर नवरात्रों में पधारो

हे नवदुर्गा नौ रुप धार मेरे घर नवरात्रों में पधारो,  
हम भक्तो के मैया जी सारे अटके कारज सवारों,  
धरती के प्राणियों का भी सारा दुख दर्द निवारो,  
दुष्टों को मैया कालिका चामुंडा रूप धरकर मारो ।  
आपकी महिमा अपरंपार, पूरी करती हो हर गुहार,  
मेरे भी विनम्र प्रार्थना मैया जी आप कर लो स्वीकार,  
सजाई पूजा की थाली धूप-दीप और फल-फूल हार,  
आरती उतारूं आपकी मैया जी मैं लूण राई संग वार ।  
सुन ली मेरी मां जगदम्बे ने 'आनंद' करूण पुकार,  
सज-धज कर सिंह पर सवार, माता रानी आई द्वार,  
श्रद्धा भक्ति भाव से चरणों में करती वंदन बारम्बार,  
भक्तो पर बरसाया मां ने सुख समृद्धि का अनंत भंडार ।  
बीत गए दिन दुःख के सारे अब आई सुख की बारी,  
मैया जी से पा लो अपने मन की मुरादें तुम सारी,  
दिल में बसा लो मैया जी मैं प्यारी बिटिया हूं तुम्हारी,  
भर दो भर दो खाली झोली ढेरों खुशियों से सारी ।

- मोनिका डागा 'आनंद',  
चेन्नई, तमिलनाडु



## शब्द सामर्थ्य– 394

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

## शब्द सामर्थ्य – 393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू–दोकू क्र. 394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू–दोकू क्र. 393 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

भास्कर दूत



# वैश्विक बाजारों में कमजोरी से भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान में खुले

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लगातार दूसरे दिन लाल निशान में खुले। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सुबह 9꞉22 पर सेंसेक्स 261 अंक या 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,235 और निफ्टी 71 अंक या 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,178 पर था। व्यापक बाजार में गिरावट का रुझान है। 1,335 शेयर लाल निशान में और 814 शेयर हरे निशान में थे।



सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, एसबीआई, भारती एयरटेल, एसबीआई, नेस्ले और एमएंडएम टॉप लूजर्स थे। टीसीएस, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, आईटीसी, इन्फोसिस, विप्रो और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 802 अंक या 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,215 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 267 अंक या 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,656 पर था।

ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा समेत करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में हैं। आईटी इंडेक्स में ही हल्की खरीदारी देखी जा रही है।

एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, हांगकांग और सोल में तेजी है। जकार्ता और बैंकॉक के बाजार लाल निशान में हैं। अमेरिकी बाजार गुरुवार को लाल निशान में बंद हुए थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि गुरुवार के कारोबार सत्र में निफ्टी में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट होने के साथ ही माहौल नकारात्मक बना हुआ है। बीते तीन कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से 30,614 करोड़ रुपये की बड़ी बिकवाली की गई है। फिलहाल एफआईआई की बिकवाली को घरेलू निवेशक खरीद रहे हैं। ये क्रम आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले समय में बाजार की चाल वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों पर निर्भर करेगी।

# एलन मस्क एक्स पर 200 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा छूने वाले बने पहले शख्स

**नई दिल्ली** । टेक अरबपति एलन मस्क सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 200 मिलियन फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। उन्होंने अक्टूबर 2022 में 44 बिलियन डॉलर में इसका अधिग्रहण किया था।



एक्स के मालिक को 131.9 मिलियन फॉलोअर्स के साथ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और 113.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ प्रसिद्ध फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो फॉलो करते हैं। लोकप्रिय गायक जस्टिन बीबर 110.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे स्थान पर हैं और रिहाना 108.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ पांचवें स्थान पर हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में दुनिया में 100 मिलियन का आंकड़ा पार किया है। जिसकी मस्क ने सराहना की थी। अब उनके 102.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मस्क ने हाल ही में कहा कि एक्स के अब 600 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता (एमएयू) और लगभग 300 मिलियन दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता (डीएयू) हैं। हाल ही में सामने आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क के अधिकांश फॉलोअर्स नकली हैं और लाखों नए निष्क्रिय अकाउंट्स की वजह से यह संख्या बढ़ गई है। हालांकि, दावे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। टेस्ला और स्पेस एक्स के मालिक के मुताबिक, एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पृथ्वी के लिए एक ग्रुप चैट बन गया है, जिस पर दुनिया भर से सबसे ज्यादा ट्रैफिक आता है।

मस्क ने पोस्ट किया था, एक्स पृथ्वी के लिए ग्रुप चैट है। टेक अरबपति का लक्ष्य इसे एक एवरीथिंग ऐप बनाना है, जहां लोग फिल्में और टीवी शो पोस्ट कर सकें और डिजिटल भुगतान भी कर सकें। मस्क ने यह भी दावा किया कि अमेरिका में एक्स का उपयोग अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, वैश्विक निवेश फर्म फिडेलिटी ने मस्क द्वारा संचालित एक्स (पूर्व में ट्विटर) में अपनी हिस्सेदारी के मूल्य में 78.7 प्रतिशत की कटौती की। इसका अर्थ है कि एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का मूल्य केवल 9.4 बिलियन डॉलर होने की संभावना है।

# एक बार फिर आरबीआई ने दिया 2000 रुपये का नोट बदलने का मौका

**नई दिल्ली** । आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने का ऐलान किया था जिसके बाद से 2000 रुपये के नोट वापस आने का सिलसिला जारी है। अब इसी से जुड़ा एक बड़ा आंकड़ा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जारी किया है। आरबीआई ने 2000 रुपये के सर्कुलेशन और इसके लौटने के बारे में आखिरी प्रेस रिलीज 2 सितंबर 2024 को जारी की थी और इसमें अब नया अपडेट जारी किया गया है। आरबीआई ने बताया है कि लोगों के पास अगर 2000 रुपये के नोट बाकी हैं तो उन्हें इसको आरबीआई के ऑथराइज्ड केंद्रो और अन्य माध्यमों से रिजर्व बैंक के पास लौटाने का मौका है।



आरबीआई ने 2000 रुपये के नोटों के बारे में बताया कि उसके पास कितने नोट वापस आ गए और कितने रुपये के नोट बाकी हैं। 03 जून को आरबीआई ने बताया था कि 2000 रुपये के 7755 करोड़ रुपये के नोट उस समय तक लोगों के पास थे यानी कि ये नोट आरबीआई के पास लौटकर नहीं आए थे। अब ताजा आंकड़ों के मुताबिक आरबीआई ने जानकारी दी है कि 2000 रुपये के 98 फीसदी नोट वापस लौट आए हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने बताया कि अब 7117 करोड़ रुपये के कुल नोट ही लोगों के पास बाकी रह गए हैं। 2000 रुपये के कुल नोटों की संख्या 3.56 लाख करोड़ रुपये की थी और ये आंकड़ा 19 मई 2023 तक था।

इसमें आरबीआई ने बताया है कि लोगों के पास अगर 2000 रुपये के नोट बाकी हैं तो उन्हें इसको आरबीआई के ऑथराइज्ड केंद्रो और अन्य माध्यमों से रिजर्व बैंक के पास लौटाने का मौका है। इसमें आरबीआई के इश्यू ऑफिस आने की जरूरत नहीं है।

आरबीआई समय-समय पर ये दोहराता है कि 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे और इसका अर्थ है कि ये नोट केवल सर्कुलेशन से बाहर किए गए हैं। इनकी कानूनी वैधता बनी है और ऐसा नहीं हैं कि ये नोट नोटबंदी के 500 और 1000 रुपये जैसे लीगल टेंडर नहीं रहेंगे जैसे 8 नवंबर 2016 को तत्कालीन 500 रुपये और 1000 रुपये के नोटों को बंद कर दिया गया था।

# अवनीत कौर ने फिल्म लव इन वियतनाम का पहला शेड्यूल पूरा किया


अभिनेत्री अवनीत कौर ने अपनी फिल्म लव इन वियतनाम का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह उनकी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने के बाद सेट से कुछ तस्वीरें साझा की। इंस्टाग्राम पर अवनीत के 31.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने अपने कलाकारों और क्रू के सदस्यों के साथ तस्वीरों की एक श्रृंखला और खूबसूरत वियतनाम की कुछ झलकियां शेयर की। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, और यह लव इन वियतनाम (गुलाबी दिल वाली इमोजी के साथ) के पहले शेड्यूल का रैप है। जल्द ही सिनेमाघरों में आ रहा है (क्लैप-बोर्ड इमोजी के साथ)। मुझे इस अंतर्राष्ट्रीय परियोजना और भारत-वियतनाम के सहयोग से बन रही पहली फिल्म का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है। अगले साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में मिलते हैं।




पोस्ट में, अभिनेत्री कौर एक क्लैपरबोर्ड पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं, जिसके चारों ओर कुछ ऐसी तस्वीरें हैं जो उनकी जिंदादिली को दर्शाती हैं।

वियतनाम की खूबसूरती इनमें साफ छलक रही है और अवनीत क्रू के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं। अवनीत के लुक की फैंस ने प्रशंसा की है। एक फैन ने लिखा, हम सभी को बहुत-बहुत बधाई। हम बहुत खुश हैं कि आप इस ऐतिहासिक परियोजना का हिस्सा हैं।

# जूनियर एनटीआर की देवरा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया गदर, 200 करोड़ की ओर कलेक्शन




जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'देवारा पार्ट 1' 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. एक्शन ड्रामा का क्रेज रिलीज से पहले ही पीक पर पहुंच गया था. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद देवारा पार्ट 1' को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी और इसने पहले दिन बंपर ओपनिंग की. तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. हालांकि अब वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी देखी जा रही है. चलिए यहां जानते हैं 'देवारा पार्ट 1'ने रिलीज के 5वें दिन कितना कलेक्शन किया है? जूनियर एनटीआर की 'देवारा पार्ट 1' काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म ने धांसू ओपनिंग भी की लेकिन फिर दूसरे ही दिन फिल्म की कमाई में लुढ़क गई. इसके बाद संडे को भी 'देवारा पार्ट 1' कुछ कमाल नहीं कर पाई. अब वीकडेज में तो ये एक्शन थ्रिलर बॉक्स ऑफिस पर ठंडा परफॉर्म कर रही है।

# रजनीकांत की वेट्टैयन का धांसू ट्रेलर रिलीज, मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने आया थलाइवा




रजनीकांत और टीजे ग्नानवेल का एक्शन ड्रामा वेट्टैयन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. रिलीज से एक सप्ताह पहले मेकर्स ने वेट्टैयन का ट्रेलर जारी किया है, जो काफी धांसू है. रजनीकांत का दमदार परफॉर्मेंस ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है. बुधवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का धांसू ट्रेलर रिलीज किया है. वेट्टैयन का ट्रेलर तमिल, तेलुगू, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया है. फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार है. 2.39 मिनट के ट्रेलर में एक मिस्ट्री मर्डर दिखाई गई है, जिसे लेकर जनता काफी आक्रोश होती है. इस केस को लेकर जनता सड़क पर उतर आती है और जोर से नारेबाजी करती है. नाराज जनता पुलिस की गाड़ियों पर पथराव भी करती है. इस बीच अमिताभ बच्चन, जो एक हाई ऑफिसर की भूमिका में नजर आते है, राणा दग्गुबाती समेत कई कलाकारों की झलक दिखाई जाती है. इस बीच मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए रजनीकांत की एक पुलिस ऑफिसर के तौर पर धांसू एंट्री होती है, जो दुश्मनों से फाइट करते हुए दिखाई देते हैं. टीजे ग्नानवेल की निर्देशित फिल्म वेट्टैयन रजनीकांत की 170वीं फिल्म भी है. इस फिल्म की शूटिंग चेन्नई के अलावा हैदराबाद, मुंबई और तिरुवनंतपुरम समेत भारत के कई खूबसूरत जगहों पर की गई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को 160 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ बनाया गया है।

## खेल




विमेंस क्रिकेट का 9वां टी-20 वर्ल्ड कप गुरुवार से शुरू हो चुका है। 10 टीमों के टूर्नामेंट में टीम इंडिया आज से अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेगी। भारत का मुकाबला शाम 7꞉30 बजे से न्यूजीलैंड से होगा। एशियन क्रिकेट की सबसे सफल टीम इंडिया के नाम वर्ल्ड कप में एक भी खिताब नहीं है। भारत ने अब तक 18 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया है, इनमें 10 वनडे वर्ल्ड कप और 8 टी-20 वर्ल्ड कप शामिल हैं। टीम 9 बार नॉकआउट स्टेज में भी पहुंची, लेकिन कभी अनुभव की कमी तो कभी बड़े मैच का प्रेशर भारत के आड़े आ गया।

वर्ल्ड कप में विमेंस टीम इंडिया का सफर

# टी-20 और वनडे मिलाकर 18 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया; 9 बार नॉकआउट खेली, खिताब जीरो

टीम को 6 बार सेमीफाइनल और 3 बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। टी-20 वर्ल्ड कप में तो भारत एक भी नॉकआउट मैच नहीं जीत सका है।

विमेंस क्रिकेट में वर्ल्ड कप की शुरुआत 1973 से ही हो गई, इंग्लैंड में ICC ने वनडे टूर्नामेंट कराया। तब भारत में विमेंस क्रिकेट बोर्ड नहीं होने के कारण देश ने वर्ल्ड कप में अपनी टीम नहीं भेजी। वर्ल्ड कप के बाद देश में विमेंस क्रिकेट एसोसिएशन बना, जिसके बाद टीम ने 1976 में टेस्ट के रूप में पहला इंटरनेशनल मैच खेला। 1976 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पटना में पहली टेस्ट जीत दर्ज करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने इंडिया विमेंस क्रिकेट टीम को सम्मानित किया।



1976 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पटना में पहली टेस्ट जीत दर्ज करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने इंडिया विमेंस क्रिकेट टीम को सम्मानित किया।

1978 में भारत ने सीधे वर्ल्ड कप में ही इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला वनडे मैच खेला। टूर्नामेंट भारत में हुआ, लेकिन इंडिया विमेंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। 4 टीमों के टूर्नामेंट में टीम तीनों मैच हारकर चौथे नंबर पर रही। 1982 में टीम ने 4 मैच जीते जरूर, लेकिन 8 हार के कारण इस बार 5 टीमों के टूर्नामेंट में चौथा स्थान मिला। 1988 में बोर्ड के आपसी विवाद के कारण टीम ने हिस्सा नहीं लिया।

1993 में टीम इंडिया ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया और 8 टीमों में चौथा स्थान हासिल किया। 1997 का वर्ल्ड कप भारत में ही हुआ। प्रमिला भट्ट की कप्तानी में टीम इंडिया ने क्वार्टर फाइनल जीता और सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ गया।

1999 में मिताली राज ने महज 16 साल की उम्र में भारत के लिए डेब्यू कर लिया, 3 साल बाद तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने भी डेब्यू किया। दोनों ने अगले 20 साल में इंडियन क्रिकेट को पूरी तरह बदलने का जिम्मा उठा लिया। 2000 के वर्ल्ड कप में भारत फिर सेमीफाइनल में पहुंचा, लेकिन इस बार चैंपियन न्यूजीलैंड से हार गया। 2005 में फिर इंडिया विमेंस ने कमबैक किया और उसी न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल हराकर फाइनल में जगह बना ली। टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ गया, लेकिन यहां से इंडियन विमेंस क्रिकेट में बदलाव की नींव पड़ गई।

## एक नजर

एक ओवर में लगे 7 छक्के

# ऋतुराज गायकवाड़ के नाम है इतिहास का सबसे अनोखा रिकॉर्ड

**नईदिल्ली** । क्रिकेट के खेल में आए दिन रिकॉर्ड्स बनते और टूटते रहते हैं. लेकिन, कई बार कुछ ऐसे रिकॉर्ड बन जाते हैं, जिनका टूटना संभव ही नहीं होता. आज हम आपको एक ऐसे ही अनोखे रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं... यदि आपसे कोई पूछे कि एक ओवर में ज्यादा से ज्यादा कितने छक्के लग सकते हैं? तो जाहिर तौर पर आपके जहन में जवाब 6 होगा... क्योंकि एक ओवर में 6 गेंद होती हैं, यानी 6 छक्के लग सकते हैं. लेकिन, एक ऐसा भारतीय खिलाड़ी है, जिसने एक ओवर में 7 छक्के लगाने का कारनामा किया है. सुनने में अजीब लगता है कि भला एक ओवर में 7 छक्के कैसे लग सकते हैं. लेकिन, भारत के घरेलू क्रिकेट में ये हो चुका है. एक ओवर में 7 छक्के लगाने का कारनामा करने वाला क्रिकेटर कोई और नहीं बल्कि ऋतुराज गायकवाड़ हैं. गायकवाड़ ने 28 नवंबर 2022 में एक बड़ा कारनामा किया था, जिसने सभी को चौंका दिया. उन्होंने एक ओवर में लगातार 7 छक्के लगाए थे. ये रिकॉर्ड ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के दौरान हुई थी. जब महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला हुआ था.



# खुशी ने कांस्य पदक जीता, जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर काबिज

**लीमा** । जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में कांस्य पदक जीतकर खुशी ने भारत के पदकों की संख्या 15 तक पहुंचा दी है। भारत के नाम अब 10 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक हैं और वह पदक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। इस युवा खिलाड़ी ने फाइनल में 447.3 अंक हासिल किए और नॉर्वे की कैरोलिन से पीछे रहीं, जिन्होंने 458.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। कैरोलिन की हमवतन सिनोव बर्ग ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। खुशी क्वालिफिकेशन में 585 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह पक्की की। मुकाबला इतना कड़ा था कि चार अन्य खिलाड़ी भी उसी स्कोर पर थे। हालांकि, खुशी और इतालवी अन्ना शियावोन ने इनर 10-रिंग में 29 शॉट के आधार पर अंतिम दो क्वालीफाइंग स्पॉट हासिल किए, जबकि दो स्विस एथलीट, एलेक्सा टेला और एमिली जैगी 27 शॉट ही बना पाईं। काउंटबैक में खुशी, अन्ना से आगे रहीं। जूनियर महिला 3पी में टीम स्पर्धा में साक्षी पाडेकर, मेलविना जोएल ग्लैडसन और प्राची गायकवाड़ की तिकड़ी 1757 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। अनुष्का ठाकुर ने भी क्वालीफिकेशन में 585 अंक बनाए, लेकिन इनर-10 रिंग में 26 हिट के कारण वह 11वें स्थान पर रहीं। साक्षी, मेलविना और प्राची क्रमश꞉ 24वें, 32वें और 41वें स्थान पर रहीं।



# पहले टी-20 मैच में ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग-इलेवन

**नईदिल्ली** । बांग्लादेश के साथ खेली गई 2 मैचों की टेस्ट सीरीज को भारत ने 2-0 से जीतकर अपने नाम कर लिया. अब दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज शुरू होने वाली है, जिसका पहला मैच 6 अक्टूबर को ग्वालियर में खेला जाएगा. जहां, सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया की कप्तानी करते नजर आएंगे. तो आइए आपको बताते हैं कि भारतीय कप्तान प्लेइंग-इलेवन में किन-किन खिलाड़ियों को मौका देंगे.



ग्वालियर में बांग्लादेश के साथ खेले जाने वाले पहले टी-20 मैच में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत कर सकते हैं. यानी लेफ्ट एंड राइट कॉम्बिनेशन वाली अभिषेक और संजू की ओपनिंग जोड़ी मैदान पर उतरकर अपनी टीम को मजबूत शुरुआत देने की कोशिश करेगी. नंबर-3 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्लेबाजी के लिए आना तय है. भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज के आतिशी शॉट्स का फैंस लुत्फ उठा सकते हैं. बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की ओर से चौथे नंबर पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं. हार्दिक अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए अहम पारी खेल सकेंगे. हार्दिक बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी यूनिट का भी अहम हिस्सा होंगे, क्योंकि वह अब पूरी तरह फिट हो चुके हैं और अपने पूरे 4 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं.

5वें नंबर पर शिवम दुबे को बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है. डेथ ओवर्स में शिवम तूफानी बल्लेबाजी से विपक्षी टीम के होश उड़ा सकते हैं. यदि शिवम को मौका मिलता है, तो रियान पराग को प्लेइंग-इलेवन से बाहर बैठना पड़ सकता है।

# भारतीय महिलाओं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत

हरभजन सिंह ने कहा

**नई दिल्ली** । गुरुवार को यूएई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने के साथ ही पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ग्रुप चरण में भारत की विरोधियों के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि वे उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकती हैं।



भारत छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं। भारत शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और अगला मैच 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगा। वे 9 अक्टूबर को श्रीलंका से खेलेंगे और फिर 13 अक्टूबर को अपने आखिरी ग्रुप मैच में रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे। हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते समय भारत को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। इस ग्रुप को देखते हुए, भारत के साथ ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। ये सभी मैच निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होंगे। लेकिन एक मैच जो मुझे लगता है कि थोड़ा कठिन होगा, वह है भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच।

# संसार परिवर्तन के लिए राजयोग मेडिटेशन आवश्यक- आत्म प्रकाश भाई

## चुरगियां मांगलिक प्रांगण देवारभाट में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का एकदिवसीय योग भट्ठी का आयोजन

भास्कर दूत

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन (योग भट्टी) का आयोजन चुरगिया मांगलिक प्रांगण देवार भाट में किया गया। इसमें विश्व के पाचों महाद्वीप अर्थात् अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया एवं एशिया के 95 देशों का भ्रमण करके ईश्वरीय संदेश तथा राजयोग की शिक्षाएं देकर आध्यात्मिक ज्योत जगाने वाले राजयोगी ब्रम्हा कुमार आत्म प्रकाश भाई माउंट आबू ने व्याख्यान दिया। उन्होंने संसार परिवर्तन के लिए राजयोग मेडिटेशन को आवश्यक बताया। आयोजन को अनेक वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूरे जिले भर के अनेक लोग मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वरीय विश्वविद्यालय बालोद की मुख्य संचालिका बी के विजयलक्ष्मी दीदी, दुर्ग संस्था की बी के रुपाली दीदी, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, जिला पंचायत सीईओ डॉ संजय कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बी के सरिता दीदी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।






**ब्रम्हा कुमार आत्म प्रकाश भाई ने दिया व्याख्यान**

स्वागत उद्बोधन देते हैं मुख्य संचालिका बी के विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी अतिथियों सहित उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा ज्ञान और योग हमें श्रेष्ठ बनाता है। ज्ञान जीवन भर प्राप्त किया जाता है। ज्ञान को अपना कर अपना जीवन को धन्य बनाएं। उन्होंने कहा योग भटठी आत्मा को कुंदन करता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री भगत ने कहा आज हम कलयुग में जीवन जी रहे हैं और हमें मानव बनने के लिए अंधकार से प्रकाश की ओर जाना है उन्होंने कहा ब्रम्हा कुमारिज संस्था अध्यात्म का अलख जगाने का काम कर रही है। उप पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने कहा हमें सृष्टि परिवर्तन करना चाहिए। वरना कलयुग बढ़ता जाएगा। संस्कार से संसार बनता है। इसलिए पहले संस्कारों से सतयुग बनाना है। सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे ने कहा आज हम भौतिक सुख सुविधाओं में लगे हुए हैं और तनाव में जीवन जी रहे हैं और आत्म शांति ब्रह्माकुमारी संस्था में मिलता हैं।

बी के रुपाली दीदी ने कहा प्रतिदिन संकल्प करें कि मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, कोई भी परिस्थिति या व्यक्ति का व्यवहार मुझे हिला नहीं सकता। दिनभर ये दोहराते रहे कि मैं हमेशा खुश हूं, मेरा रिमोट कंट्रोल मेरे हाथ में है।

### राज योग मेडिटेशन करना जरूरी

मुख्य वक्ता राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन के विषय पर कहा जिस प्रकार मोबाइल की बैटरी को चार्ज करना जरूरी होता है उसी प्रकार आत्मा की बैटरी को भी रिचार्ज करना जरूरी है और यह राजयोग मेडिटेशन से ही होगा। उन्होंने कहा आत्मा के लिए हर एक व्यक्ति को आधा घंटा राज योग अभ्यास जरूरी है इससे कार्य क्षमता कार्य दक्षता बढ़ता है।

### परमात्मा प्यार का सागर

मुख्य वक्ता राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने कहा योग का तात्पर्य आत्मा रूपी बैटरी को चार्ज करना है। परमात्मा प्यार का सागर है उस प्यार के सागर में खो जाना है। उन्होंने कहा हमारे राजयोग से संस्कारों में परिवर्तन आता है। संस्कारों का परिवर्तन होता है योगाभ्यास बढ़ाना जरूरी होती है।

### जितनी खुशी बांटोगे उतनी मिलेगी दुआएं

राजयोगी आत्म प्रकाश भाई ने कहा सतज्ञान के बिना सुख मिलता नहीं है आत्मा में सोई हुई शक्तियों को जगाना है।

इसलिए खुश रहना है खुशी बांटना है जितना बाटोगे उतनी दुआएं मिलेगी। उन्होंने कहा स्वमान हमारे शक्तियों को जगाने का काम करता है। स्वमान यानी सुशुप्त रहने वाली शक्तियों को जगाना। उन्होंने कहा माया दुश्मन से बचके रहना है। स्वमान में स्थित रहने से हमारी शक्तियों की जानकारी होती हैं। उन्होंने कहा सबसे मूल्यवान खजाना समय है इसलिए कहते हैं टाइम इस मनी। समय को सफल करना सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा रॉयल संस्कारों को धारण करना है। ईश्वरीय नशा आत्मा की शान है सदा स्वमान में रहकर सबको सम्मान देना है।

### सदैव अच्छा सोचें

उन्होंने कहा हमें बस सभी को दुआएं और सम्मान देने वाली आत्मा बनना है। सदैव अच्छा सोचें, सबके कल्याण का सोचें, जीवन में क्षमा करने के लिए हर समय तैयार रहना है।परमात्मा की शक्तियां प्राप्त होती है तो दिव्यगुणो की प्राप्ति होती है। हमें जीवन में किसी से कुछ नहीं चाहिए, बस सभी को दुआएं और सम्मान देने वाली आत्मा बनना है। अपने मन को शिकायत की आदत से शुक्रिया की तरफ ले जाइए। अपने तन और मन का शुक्रिया अदा करें।

# प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण विषय पर स्लोगन लेखन स्पर्धा

भास्कर दूत

**बम्हनीडीह।** गांधी जयंती को हमारे देश में राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी सत्य अहिंसा के साथ ही साथ स्वच्छता के भी पुजारी थे। अभी समस्त शासकीय स्कूलों और संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। बम्हनीडीह विकासखंड के प्राथमिक शाला अमोदी में भी स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा का आयोजन कर गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जो जाने रे, गाया गया। बच्चो को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए अपनी व्यक्तिगत सफाई और आसपास को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सिंगल युज प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण और इनसे उत्पन्न समस्याओं को बच्चो को बताया गया। इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात गांधी जी से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी बच्चो ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूली बच्चो ने तीन बंदरो का मुखौटा लगाकर गांधी जी के तीन सिद्धांत बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो का संदेश दिया। शाला के प्रधान पाठक मोहन लाल सहीस ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए गांधी जी के सिद्धांतो को अपनाना होगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाला के शिक्षक गुलजार बरेठ ने बच्चो से कहा कि गांधी जी ने हम सबको सत्य अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया है जीवन में आगे बढ़ने के लिए आज हमे उनके मार्ग पर चलने की अवश्यकता है।




# कार्यशाला में शामिल हुई जिले की शिक्षिकाएं

भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा विकसित भारत में शिक्षित महिला की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला अयोजित की गई। उपरोक्त आयोजन में विभिन्न प्रांतों की 82 महिलाओं ने भाग लिया। जिसने छत्तीसगढ़ प्रांत की नौ शिक्षिकाओं ने भी अपनी सहभागिता निभायी। यह आयोजना सत्र बार अयोजित था पहला सत्र उद्घाघटन सत्र दूसरा सत्र भारत के विकास में शिक्षित महिला की भूमिका तीसरा सत्र भारत के विकास में महिला स्वावलंबन और चौथा सत्र मातृ सम्मेलन के रूप में अयोजित थी। छत्तीसगढ़ से इस कार्यक्रम में कुलपति सौराष्ट्र विश्वविद्यालय प्रोफेसर नीलांबरी दवे, डॉक्टर अनामिका तिवारी सहायक प्राध्यापक गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर, प्रोफेसर प्रतिभा मिश्रा, डॉक्टर दुर्गा भारती सहायक प्राध्यापक महासमुंद, हेमलता शर्मा सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जांजगीर, मधुनामदेव व्याख्याता शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बलौदा, जयंती दुबे प्रधान पाठक शा कन्या पूर्व मा शाला जांजगीर, दीप्ती बाजपेई प्रधान पाठक कोनी बिलासपुर, निशा पटेल प्रधान पाठक शसाकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला हरदी ने अपनी सहभागिता निभायी।



# धुरकोट के दंपति ने लिया देहदान का संकल्प

भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के समीपस्थ ग्राम धुरकोट निवासी दंपति ने देहदान करने का संकल्प लेते हुए इस संबंधी फार्म भरते हुए सिम्स बिलासपुर में जमा किया है। इस संबंध में देहदान का निर्णय लेने वाले सोहनलाल सूर्यवंशी तथा उनकी पत्नी श्रीमती चैतीनबाई सूर्यवंशी ने बताया कि उन्होंने यह निर्णय मेडिकल कालेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रायोगिक तौर पर सुविधा उपलब्ध कराने लिया है। में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में मेडिकल कालेजों के लिए पर्याप्त डेड बाडी नहीं होने के कारण वे अच्छे से प्रयोग करने से वंचित हो रहे हैं। इस संबंध में उन्हे स्वप्रेरणा मिलने की बात कही। साथ ही बताया कि कई अवसरों पर आपसी चर्चा के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि मेडिकल कालेजों में डेड बाडी की कमी है और कोई भी व्यक्ति अपने जीवनकाल में देहदान का निर्णय ले सकता है। इसको देखते हुए उन्होंने देहदान का संकल्प लिया और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए सिम्स बिलासपुर में तदाशय का फार्म भर दिया है। उन्होने अपने पुत्र विक्की सूर्यवंशी को अपना शरीर मेडिकल कालेज बिलासपुर को सौंपने अधिकृत किया है।



# प्रेरणा कार्यक्रम के लिए आत्मानंद डभरा के अंश का चयन

भास्कर दूत

**डभरा।** प्रेरणा भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य-आधारित शिक्षा के दर्शन को जोड़ने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारशिला है। प्रेरणा एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है। इसके लिए जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में सम्पन्न हुआ था। जिसमें सक्ती जिले के प्रथम बैच में दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिसमें आत्मानंद स्कूल डभरा के कक्षा दसवीं के छात्र अंश शर्मा का चयन प्रेरणा कार्यक्रम गुजरात के लिए हुआ है। इस सीमा साहू व्याख्याता, चंद्रकुमार पटेल के साथ स्कूल के सभी शिक्षकगण एवं प्राचार्य हेमचरण पटेल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों का व्यक्तित्व विकास एवं प्रतिभा निखरती है। संयोगिता सिंह जूदेव मीडिया पैनलिस्ट प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता यशवंत चन्द्रा, भूपेन्द्र शंकर पटेल, हेमन्त पटेल शाला विकास समिति के अध्यक्ष नेतराम चंद्रा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक साहू शाला विकास समित के सदस्य दिनेश बरेठ शैलेन्द्र बंजारे दिलीप गुप्ता द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# जल जगार महोत्सव, रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में 5 एवं 6 अक्टूबर को

## कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने की जिलेवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसका आनंद उठाने की अपील


भास्कर दूत

**धमतरी ।** जल जगार महोत्सव का आयोजन रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में 5 एवं 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कल से शुरू होने वाले महोत्सव में आप सभी का स्वागत और अभिनंदन है। आप सबके लिए उचित और अच्छी व्यवस्था करने के लिए जिला प्रशासन पूरे सहयोग के साथ लगा हुआ है। शाम के कार्यक्रम को देखने के लिए डेम के बगल से एंट्री निर्धारित है। वहीं पहुंचने पर हैण्ड बेल्ट लगाकर एंट्री दी जाएगी। अगर कोई व्यक्ति ऊपर से भी देखना चाहे नजारे को तो 5 जगहों पर होल्डिंग प्वाईंट्स बनाकर एलईडी लगाई गई है, जहां पर बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था की गई है। हम सुनिश्चित किए हैं कि पुलिस प्रशासन की तरफ से हमने सारे एहतियात बरतते हुए आपको दर्शक के तौर पर कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठा सकें। हम आप सबका इंजतार कर रहे हैं और आप सबके साथ हम भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे और इसका आनंद उठाएंगे।

गौरतलब है कि जल जगार महोत्सव में आने वाले प्रतिभागी, दर्शक, व्हीव्हीआईपी, व्हीआईपी के लिए रूट चार्ट बनाया गया है। इसके तहत जल जगार महोत्सव में पहुंचने वाले अंबेडकर चौक धमतरी-रूद्री चौक-पहलवान चौक-मरादेव-गंगरेल बस्ती होते हुए जल जगार महोत्सव में पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद उसी मार्ग से गंतव्य की ओर जायेंगे। पार्किंग व्यवस्था 4 स्थानों पर की गई है। जल जगार महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागी एवं दर्शकों के लिए पार्किंग-1 डब्ल्यू.आर.डी.वर्कशॉप के पास गंगरेल कॉलोनी जाने के मार्ग में स्थित मैदान पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इसमें दोपाहिया वाहन 500, कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 100 एवं बस/मिनीबस 20 वाहनें पार्किंग की जा सकती है। दूसरा पार्किंग पुलिस ट्रेनिंग सेंटर को बनाया गया है, जिसमें कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 200, बस, मिनीबस 100 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है। तीसरा पार्किंग अंगारमोती माता मंदिर पार्किंग में व्हीआईपी के लिए पार्किंग बनाया गया है, जिसमें दोपहिया वाहन 1800, कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 780, बस, मिनीबस 20 वाहनों की पार्किंग किया जा सकता है। साथ ही वाटर स्पोर्ट्स जाने मार्ग बेरियर के पास 50 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। पार्किंग 4 मानव वन एडवेंचर कैंम्प (ऑक्सीजोन) पार्किंग वाटर स्पोर्ट जाने के प्रवेश द्वार के बेरियर के बांये तरफ व्हीव्हीआईपी के लिए पार्किंग बनाया गया है, जिसमें 50 वाहन पार्किंग किया जा सकता है।

इसके अलावा गंगरेल घूमने आने वाले पर्यटकों एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूट एवं पार्किंग व्यवस्था के तहत भी रूट चार्ट बनाया गया है। इसमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी से आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुगण अंबेडकर चौक-रूद्री चौक-पहलवान चौक-बेन्द्रानवागांव-डांगीमाचा-मानव वन ऑक्सीजोन होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। इसी प्रकार कांकेर, बालोद की ओर से आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु गुरूर-भटगांव-सोरम-डांगीमाचा होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे।

सभी पर्यटक एवं श्रद्धालू वापस डांगीमाचा होकर सोरम-गोकुलपुर-अंबेडकर चौक से अपने-अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। गंगरेल घूमने आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने वाले श्रद्धालु के लिए मानव वन एडवेंचर कैंम्प (ऑक्सीजोन) पार्किंग बनाई गई है, जिसमें दोपहिया वाहन एक हजार, कार, पीकप, ट्रैक्टर्स 200 और बस, मिनीबस 100 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है।




# ग्रामीण जन तीर्थ हवाई तीर्थ यात्रा के दसवें चरण में 48 किसान मजदूरों ने लिया हवाई सफर का आनंद

भास्कर दूत

**बालोद।** देवरी निवासी शिक्षक द्वय अमोली राम साहू, घनश्याम सिंह गुप्ता एवं धमतरी निवासी देवनाथ साहू के मार्गदर्शन में आम ग्रामीण जन, किसान एवं मजदूरों को कम से कम खर्च में हवाई सफर के साथ तीर्थ यात्रा कराने के पवित्र अभियान के दसवें चरण में 48 ग्रामीणों ने हवाई सफर कर अपना सपना पूरा किया। इस सफर में प्रथम दिवस भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर, धौलगिरी बौद्धस्तूप और भगवान साक्षी गोपाल के दर्शन कर अपने आप को धन्य किया। द्वितीय दिवस एक अक्टूबर 24 को गोल्डन बीच में समुद्र स्नान का आनंद लिया। साथ ही पूरी के सुंदरतम तालाबों में इंद्र दमन एवं चंदन तालाब तथा भक्ति एवं प्रकृति से परिपूर्ण गुप्त वृंदावन धाम के भ्रमण करके शाम के समय भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं महाप्रसाद खिचड़ी ग्रहण कर सबने अपने आप को धन्य किया। यात्रा के अंतिम दिवस विश्व प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा बीच एवं देश के बड़े चिड़ियाघरों में से एक प्रसिद्ध नंदनकानन में भ्रमण कर सभी अति आनंदित हुए। इस यात्रा में सम्मिलित सभी तीर्थ यात्रियों ने यात्रा को अपने जीवन का अविस्मरणीय पल बताते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सबने महसूस किया कि उनके परिवारजन, रिश्तेदार तथा ग्रामीण जन भी इस तरह के यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी हवाई सफर की इच्छा को पूर्ण करते हुए तीर्थ यात्रा करें। यात्रा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर धमतरी के सफल कृषक देवनाथ साहू द्वारा तीर्थ यात्रियों को उपहार प्रदान किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति पर स्कूल में कराया न्योता भोज



**बालोद।** सौरभ देवांगन सर सेजेस इंग्लिश माध्यम सुरेगांव के द्वारा प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति की खुशी में सोमवार को शाला मे अध्ययनरत 1 ली से 8 वी तक के सभी बच्चों एवम् समस्त शाला स्टाफ के लिए न्योता भोज का अयोजन किया गया। जिसमे उनके द्वारा पुलाव, हलवा, पुड़ी एवम् सब्जी की व्यवस्था की गई थी। सेजेस के प्राचार्य एस आर ठाकुर सर एवम् सभी शिक्षकों के द्वारा उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए न्योता भोज हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### ड्राइवर एकता संगठन ने की दिवंगत साथी के परिवार की मदद



**बालोद।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता संगठन शाखा आदर्श वाहन चालक संघ नगर अर्जुंदा जिला बालोद छत्तीसगढ़ की ओर से ग्राम खुटेरी , जिला बालोद निवासी भाई हमारे दिवंगत लेख राम नायक के परिवार के मुखिया उनके पिताजी को सहयोग राशि के रूप में 5000 रू दिया गया। साथ ही साथ जो ड्राइवर भाई यूनियन से नही जुड़े हैं उनको यूनियन से जल्द से जल्द जुड़ने की अपील की गई, ताकि सब एक साथ मिलकर काम कर सकें और अपनी एकजुटता का परिचय दे सके। इस भावभीनी अवसर पर अध्यक्ष डिहार मंडले, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, गुलाब निषाद, महादेव सिन्हा उपस्थित रहे।

### रास गरबा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की मांग

**बालोद।** कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक बालोद को पत्र लिखकर नवरात्रि के अवसर पर आयोजित रास गरबा के दौरान सुरक्षा की मांग आरकेसी ग्रुप का प्रमुख राजेश चोपड़ा (जूनियर योगी) ने की है। राजेश चोपड़ा ने पत्र में कहा है कि पूरे भारतवर्ष में नवरात्रि का पावन पर्व प्रतिवर्ष की तरह अत्यंत ही उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दौरान पूरे देश में रास गरबा का आयोजन किया जाता है। ऐसी भीड़ का असामाजिक तत्व लाभ उठाते हैं। इसलिए उस स्थान पर संदिग्ध लोगो के प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी लगाई जाए। जिला प्रशासन से विशेष अनुरोध है कि ऐसे पवित्र पर्व पर भारतीय संस्कृति को बदनाम करने के उद्देश्य से कुछ नकारात्मक सोच के विशेष वर्ग के लोग अनाधृकित रूप से ऐसे आयोजन जहां महिलाए विशेष रूप से रास गरबा करती देखी जा सकती है। इन स्थानों की सुरक्षा एवम संदिग्ध लोगो का प्रवेश वर्जित किया जाए। चोपड़ा ने महिलाओं से भी विनम्र अपील की है कि,आप सभी को देवी का दर्जा दिया गया है,जो सर्वमान्य है।



कृपया अपने पोशाकों पर विशेष ध्यान देते हुए पाश्चात्य संस्कृति की छाया ना पड़ने दें। जिससे की बेवजह माहौल बिगड़ने की नौबत आए।

भारतीय संस्कृति की अपनी मर्यादा है,मान सम्मान है, इसका पालन करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने इस तरह के आयोजन करने वाली समितियों से भी अपील की है कि शासन द्वारा निर्धारित समय के अंदर ही इस तरह के कार्यक्रम कराएं ताकि सभी लोगों में सुरक्षा का माहौल बना रहे।

### पीएम आवास के अपात्र हितग्राहियों से 11 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित हितग्राहियों का ग्रामसभा से पात्रता परीक्षण उपरांत प्राप्त अपात्र हितग्राहियों को अपनी पात्रता/अपात्रता पुर्ननिर्धारण हेतु अपीलीय समिति के समक्ष जिला पंचायत कोरबा के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रकोष्ठ या संबंधित जनपद पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा में 03/10/2024 से 11/10/2024 शाम 05 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार/मान्य नहीं की जाएगी। ग्रामसभा से प्राप्त अपात्र हितग्राहियों की सूची जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

राजनांदगांव फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024



### मानव मंदिर चौक पर महाकाल चौक नामकरण का बोर्ड लगाना जरूरी

# शहर के सभी चौराहों पर लगेंगे चौक के नाम के बोर्ड?

## सभी चौक-चौराहों के नाम का बोर्ड लगाने में निगम की रुचि क्यों नहीं?

भास्कर दूत



**राजनांदगांव।** शहर के मानव मंदिर चौक के नामकरण को लेकर निगम में जितनी राजनीति और कूटनीति हुई है, उतनी शहर के शायद किसी भी चौक के नामकरण को लेकर नहीं हुई है। शहर के हृदय स्थल और अतिव्यस्ततम इस चौक का नाम बदलने के लिए महापौर हेमा देशमुख ने नियम कानून को भुला दिया था। उस पर से उन्हीं की पार्टी के वार्ड पार्षद शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा को विश्वास में नहीं लिया गया और सामान्य सभा तक दोनों में मनभेद बना रहा। अब उस स्थान से महाकाल चौक नाम का के फ्लैक्स पोस्टर भी हटा दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि अब वहां पर महाकाल चौक का स्थाई बोर्ड लगाया जाएगा, लेकिन सवाल उठ रहा है कि नगर निगम की रुचि गिने-चुने चौक-चौराहों पर ही बोर्ड लगाने की क्यों है? ऐसा करना जरूरी है तो शहर के सभी चौक-चौराहों पर उस चौक के नाम का बोर्ड लगाने में महापौर सहित निगम प्रशासन क्यों दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है?

ज्ञात हो कि मानव मंदिर चौक के बाजू में सिनेमा लाइन का नाम बदलकर अणु व्रत मार्ग रखे कई माह बीत चुके हैं। इस नाम का पोस्टर भी निगम द्वारा लगाया गया था, लेकिन आज भी इस व्यस्ततम मार्ग को लोग सिनेमा लाइन के नाम से ही जानते हैं। मानव मंदिर चौक में गांधी चौक भी है। शहर में आजाद चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, क्लब चौक, रेलवे स्टेशन चौक, लखोली नाका चौक, महामाया चौक सहित बड़ी संख्या में चौक-चौराहे हैं, लेकिन स्थानीय और बाहर के लोगों को उस चौक का नाम मालूम हो, इसके लिए निगम ने कभी बोर्ड लगवाने की फिक्र नहीं की।

मानव मंदिर चौक का नाम नहीं बदला था, तब भी इस चौराहे के नाम का बोर्ड नहीं लगा। फिर नगर निगम को किसी से ऐसी क्या प्रेरणा मिल रही है कि मानव मंदिर चौक में महाकाल चौक नाम का बोर्ड लगाने विशेष रुचि है। वास्तव में इस चौक का नामकरण करने के लिए महापौर परिषद में प्रस्ताव आए काफी समय हो चुकने के बाद भी सामान्य सभा में विषय नहीं लाया गया था। सामान्य सभा में इस विषय को कुछ दिन पहले ही लाया गया, उसमें भी मतभेद और मनभेद की स्थिति बनी रही। स्वयं वार्ड पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा यह कह चुके हैं कि महाकाल चौक नामकरण को लेकर उनका विरोध नहीं है, बल्कि प्रक्रिया के अनुसार नामकरण नहीं होने को लेकर है। हालांकि यह विषय सामान्य सभा में पारित हो गया है और अब शासन को भेजा जाएगा, लेकिन महापौर ने इसी स्थान पर बड़ा त्रिशूल लगाने पर बल दिया था। उसमें भी वार्ड पार्षद जो शहर कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, ने विरोध जताया था। बाद में उस त्रिशूल को शीतला मंदिर प्रांगण में लगाया गया। त्रिशूल लगाने के काम में जमकर भ्रष्टाचार सामने आया था। त्रिशूल बनाने का लाखों रुपया त्रिशूल निर्माता कारीगर को आज तक नहीं मिले होने की जानकारी है। बहरहाल देखने वाली बात होगी कि निगम प्रशासन शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के नाम वाले बोर्ड लगाने को लेकर कितनी रूचि दिखाता है?

# एक और कथित पत्रकार पर एफआईआर दर्ज!

### शिक्षक को ब्लैकमेल करने का प्रयास, फर्जी नियुक्ति का आरोप लगाकर दी धमकी



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर सहित जिले में फर्जी पत्रकार बनकर लोगों को ब्लैकमेल करने का अवैध कृत्य जोरों से चलने लगा है। हालांकि ऐसे मामलों में शिकायत पर पुलिस कायवाही भी करती आ रही है। और अब एक और मामला सामने आया है लालबाग थाना अंतर्गत पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ क्षेत्र के ग्राम कोपडीह में, जहां के एक कथित पत्रकार द्वारा अपने ही गांव के सरकारी शिक्षक को फर्जी दस्तावेज से नौकरी करने का आरोप लगाते हुए ब्लैकमेल करने का प्रयास किया गया और बात नहीं बनने पर उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। अच्छा हुआ कि पीड़ित शिक्षक ने इस मामले की शिकायत पुलिस से कर दी, जिस पर अब कथित पत्रकार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी सेवाराम वर्मा उम्र 44 साल ग्राम कोपेडीह का निवासी है। वह ग्राम झिटिया स्थित प्राथमिक स्कूल में सहायक शिक्षक है। गत दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर अवकाश होने के कारण वह अपने गांव कोपेडीह में ही था। शाम को पांच बजे वह मोटर सायकल से तुमड़ीबोड़ जाने के लिए निकला था कि उसके घर के पास ही रहने वाले हेमंत वर्मा उम्र 35 साल से उसे फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी कर रहे हो, स्कूल में तुम्हारी नियुक्ति और नौकरी फर्जी है बोलकर ब्लैकमेल का प्रयास किया। जवाब में प्रार्थी ने कहा कि यदि तुम्हे मेरी नौकरी और नियुक्ति फर्जी लगती है तो शिकायत करके जांच करा लो। उसके बाद हेमंत वर्मा जो कथित पत्रकार है, के द्वारा प्रार्थी को गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर बोला कि मेरे से मत उलझो नहीं तो ठीक नहीं होगा। इस घटना को गांव के पारस कुमार और दीनदयाल वर्मा ने देखा व सुना है। प्रार्थी के अनुसार आरोपी द्वारा इसके पहले भी उसे डराया-धमकाया जा चुका है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने कथित पत्रकार हेमंत वर्मा निवासी ग्राम कोपेडीह के खिलाफ धारा 296, 351, (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### पत्रकारिता को कलंकित कर रहे फर्जी पत्रकार

शहर सहित जिले में पत्रकारिता की आड़ में लोगों से उगाही, धमकाने-चमकाने सहित विभिन्न तरीकों से लोगों को परेशान किए जाने के मामले एक के बाद एक सामने आते जा रहे हैं। ऐसे लोगों की हरकतों के कारण आज पत्रकारिता कलंकित होने लगी है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से जुड़े ईमानदार पत्रकार एवं मीडियाकर्मियों की छवि धूमिल हो रही है, जिसके कारण आज पत्रकारिता अपने बुरे दौर से गुजर रही है। हर सौ में से दस लोगों को पत्रकारिता का शौक चर्राया हुआ है। यह बात अलग है कि ऐसे लोगों को पत्रकारिता का ककहरा और पत्रकारिता के बारे में भी ठीक से ज्ञान नहीं है, लेकिन इनका मिजाज ऐसा कि अच्छे-अच्छे पत्रकारों को वो सब नहीं आता, जिस तरीके से कथित पत्रकारों के द्वारा खुद को किसी के सामने पेश किया जाता है। माना जा रहा है कि ऐसे ही अवैध उगाही करने वालों के द्वारा शासन से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की जा रही थी, ताकि उन्हें ऐसे ही अनैतिक कार्यों को अंजाम देने की आजादी मिल सके और इनका कोई बाल बांका न कर सके।

### फर्जी पत्रकारों की शिकायत जरूर करें

ज्ञात हो कि इसके पहले भी जिले में फर्जी पत्रकारों के द्वारा अवैध उगाही, नौकरी लगाने के नाम पर ठगी जैसे मामलों में पुलिस अपराध दर्ज कर कार्यवाही कर चुकी है। उसके बाद भी इस तरह के अवैध कार्यों को जिले भर में बड़ी संख्या में कथित पत्रकारों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। लोगों को चाहिए कि ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराएं। भास्कर दूत हर आम व खास आदमी से अपील करता है कि शहर सहित जिले में कहीं पर भी कोई व्यक्ति खुद को पत्रकार या मीडियाकर्मी बताकर अवैध रूप से रूपयों की मांग कर परेशान करता है तो ऐसे लोगों की पुलिस में शिकायत कर पत्र की कापी हमें 7587852022 नंबर पर व्हाट्सएप्प करें। ऐसे फर्जी पत्रकारों के खिलाफ भास्कर दूत समाचारों का प्रकाशन करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

# महिला पटवारी से बदसलूकी, वकील पर एफआईआर

### गंडई के तहसील न्यायालय परिसर का मामला

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** खैरागढ़ जिले के गंडई में तहसीलदार के सामने एक महिला पटवारी से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वकील के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

ज्ञात हो कि गंडई में पदस्थ एक महिला पटवारी के साथ एक अधिवक्ता द्वारा अश्लील गाली गलौच कर जांन से मारने की धमकी देने के मामले को भास्कर दूत ने चार अक्टूबर के अंक में विस्तार से प्रकाशित किया था।



नायब तहसीलदार के सामने महिला पटवारी को वकील ने किया जलील

गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने पर अपराध दर्ज

राजनांदगांव(भास्कर दूत)। खैरागढ़ जिले के गंडई नगर में पदस्थ एक महिला पटवारी के साथ एक अधिवक्ता द्वारा अश्लील गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गंडई की पटवारी हल्का नं. 14 की पटवारी शिवानी मिश्रा ने गंडई पुलिस से शिकायत में बताया है कि 30 सितंबर को कोर्ट परिसर में वकील सतीश सिंघानिया द्वारा उसे गाली देकर जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा डालकर मेरे ऊपर हमला ... महिला पटवारी शिवानी मिश्रा ने पुलिस को बताया ... तोरन वर्मा का नामांतरण पीठासीन अधिकारी के आदेश के लिए लंबित दिखाया गया, तब नायब तहसीलदार चंद्रवंशी द्वारा वकील सतीश सिंघानिया को समझाया गया कि आदेश हमारे द्वारा नहीं दिया गया है, तब पटवारी द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण कैसे कर सकती है? इसके बाद सतीश सिंघानिया और भड? गया और कोर्ट परिसर में महिला पटवारी को इसी वक्त काम करना पड़ेगा, कहकर तहसीलदार के सामने तेज आवाज में गालियां देने लगा, अभी इसी वक्त रिकार्ड दुरूस्ती करो नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा बोला, तब तहसीलदार समझाने लगे तब भी बार-बार भड?कर धमकी देने लगा। इस ...

जानकारी के मुताबिक हल्का नं. 14 की पटवारी शिवानी मिश्रा ने गंडई पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह वार्ड नं 4 में रहती है और हल्का नंबर 14 की पटवारी है।

सूत्रों के अनुसार गत 30 सितंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने ऑफिस में गिरदावरी कार्य कर रही थी। उसी दौरान वकील सतीश सिंघानिया उसे फोन कर गालियां देने लगा और बोला कि मेरा किसान तोरण वर्मा चप्पल घीस रहा है, तुम्हारे ऑफिस का चक्कर लगाते-लगाते, तुम अभी तत्काल तहसील ऑफिस पहुंचो कहकर धमकाया। उसके बाद वह तुरंत तहसील न्यायालय पहुंची और एसडीएम को लैपटॉप दिखाई, जिसमें तोरन वर्मा का नामांतरण पीठासीन अधिकारी के आदेश हेतु लम्बित दिखाया गया है। तब नायब तहसीलदार चंद्रवंशी द्वारा समझाया गया कि आदेश हमारे द्वारा नहीं दिया गया है, तब पटवारी रिकॉर्ड का दुरुस्तीकरण कैसे कर सकती है? इसके बाद वकील सतीश सिंघानिया और भड़क गया और कोर्ट परिसर में महिला पटवारी को इसी वक्त काम करना पड़ेगा। इसी वक्त रिकॉर्ड दुरुस्ती करो नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा बोला और तहसीलदार के सामने तेज आवाज में अश्लील गालियां देने लग गया, तब तहसीलदार समझाने लगे, लेकिन बार-बार भड़ककर धमकी देने लगा कि मैं एसीबी से पकड़वा दूंगा, जीने नहीं दूंगा, क्या समझ रखी हो। गंडई कैसे आती-जाती हो मैं देखता हूं। अपने आप को क्या समझती हो, बोलकर बार-बार धमकाने लगा। उसी दौरान महिला पटवारी बेहोश हो गई और वहां उपस्थित लोगों के द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका ब्लड प्रेशर 230 के लगभग आया। महिला पटवारी द्वारा यह भी शिकायत दर्ज कराई गई है कि वकील के द्वारा पूरे कोर्ट में घूम-घूमकर उनके चरित्र पर भी लांछन लगाया गया। इस पूरे मामले में पुलिस ने आरोपी वकील के खिलाफ धारा 296, 351(3), 221,132 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आज व्यवहार न्यायालय में पेश किया है। हालांकि पता चला है कि आरोपी वकील ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली है।

### न्याय यात्रा में शामिल हुईं रूबीना



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** भाजपा के कुशासन के खिलाफ और छत्तीसगढ़ में सुख-शांति, समृद्धि व आपसी भाईचारा के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस की न्याय यात्रा का शुभारंभ रायपुर में सड्डू वार्ड से गांधी चौक सिटी कोतवाली तक न्याय यात्रा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में की गई, जिसमें डॉ. रूबीना अल्वी महासचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने भी शिरकत की।

## दो बैंकों के सामने से उठाईगिरी

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर में शुक्रवार को दो स्थानों पर दिनदहाड़े उठाईगिरी की घटना में अज्ञात बदमाश करीब एक लाख रूपए लेकर चंपत हो गए।

सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव रोड स्थित फरहद चौक में पान ठेला चलाने वाला होमन साहू आज शहर के होटल अवाना के पास संचालित इंडियन बैंक में अपने खाते से रकम निकालने पहुंचा था। युवक बैंक से करीब 60 हजार रुपए का आहरण कर उसे अपने दोपहिया वाहन की डिक्की में रखा। उसके बाद वह बैंक से कुछ दूरी पर स्थित एक पान ठेला के पास रुका। वहां से वापस अपनी गाड़ी के पास पहुंचा और गाड़ी में बैठने पर उसे गाड़ी की डिक्की खुली मिली, जिसे देखने पर उसके द्वारा रखे गए रूपए गयाब हो चुके थे। आसपास के लोगों से पता करने पर भी उसे कोई जानकारी नहीं मिल पाई और आखिरकार उसे निराश होकर बैरंग लौटना पड़ा।

इसी तरह शहर के रामाधीन मार्ग स्थित यूनियन बैंक के सामने से गाड़ी की डिक्की में रखे रूपयों को अज्ञात चोर ले उड़े। बताया जाता है कि ग्राम सुरगी निवासी एक व्यक्ति अपने वाहन की डिक्की में करीब 25 हजार रूपए रखा हुआ था और गाड़ी को छोड़कर आसपास में किसी काम से गया था। वापस आने पर डिक्की खुली और उसमें रखे रूपए गायब मिले। दोनों ही पीड़ितों द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई है।

# कांजी हाउस में गाभिन गाय की मौत से बवाल


### उसरीबोड़ का मामलाः संचालक के खिलाफ ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय शिकायत



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** सुरगी क्षेत्र के गांव उसरीबोड़ में कथित अवैध कांजी हाउस में एक गाभिन गाय की मौत से नाराज गांव वालों ने कलेक्टर, एसपी सहित विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत की है। संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में आरोपी संचालक और उनके द्वारा नियुक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

उसरीबोड़ निवासी देवेंद्र साहू, कामता यादव, टाकेश, विजय साहू, चुन्नू लाल, रोशन यादव, गुलशन, डामेश्वर, कविलाश, बंटी करण, लीलाधर साहू, रूप कुमार, ढाल सिंह, भरोसा ठाकुर, भोजराज, लालसिंह, अर्जुन, केवल यादव, रेवाराम, धरम, महेंद्र कुमार, भुनेश्वर साहू, तीरथ राम साहू, चंद्रहास, डोकेश्वर, प्रेम सेन, डुमन साहू इन सबने संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, जिलाधीश संजय अग्रवाल तथा जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से शिकायत की है। शिकायती पत्र में लिखा है कि उनके गांव के चोवाराम साहू द्वारा अवैध रूप से कांजी हाउस का संचालन किया जा रहा है, जहां बीते एक अक्टूबर को एक गाभिन गाय की मौत हो गई। उसके बाद कांजी हाउस के संचालक ने शासन-प्रशासन को सूचना नहीं दी, बल्कि बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घास जमीन में रख दिया है। उसके चार-पांच माह के बच्चे को भी सुरक्षित रूप से नहीं दफनाया गया है। गांव के लोगों के अनुसार चोवाराम द्वारा नियुक्त व्यक्तियों द्वारा गायों को मारपीट कर कांजी हाउस में बंद कर दिया जाता है। उनके लिए पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था नहीं की जाती। शिकायत में कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का हवाला देकर बताया गया है कि आज दोपहर करीब दो बजे एक गाय ने तड़प-तड़प कर जान दे दी। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की मांग की है। इस गंभीर शिकायत के बाद माना जा रहा है कि पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा जांच कराकर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी?

### गणेश मंदिर में रामकथा...



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। श्री मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में नवरात्र पर्व के शुभ अवसर पर पूज्य गुरुदेव मौनी बाबा के शिष्य ब्रह्मचारी श्रीफूल बाबा के द्वारा श्रीराम कथा प्रसंग पर प्रवचन कर रहे हैं।

### भारत यात्रा हेतु निःशुल्क बस

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** गौ प्रतिष्ठा जन आंदोलन ज्योर्तिमठ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं गौ क्रांति अग्रदूत परम पूज्य गोपाल मणि महाराज के नेतृत्व में देश में चल रहे गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम साईंस कॉलेज के पास राजधानी रायपुर पहुंचेगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर के गौभक्तों एवं गौ सेवकों के लिए महावीर चौक से कार्यक्रम स्थल तक निःशुल्क बस की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में अन्य जानकारी मोबाईल नंबर 9827187703, 9981847435 पर संपर्क कर सकते है।

# नौकरी नहीं मिली तो सामूहिक आत्मदाह?

### दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजनों ने दी चेतावनी




**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ ने अपना आंदोलन राजधानी रायपुर में जारी रखा है। इस दौरान उन्होंने सरकार को सीधी चेतावनी दी कि अगर उन्हें 24 घंटे के भीतर अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जाती है तो वह सामूहिक आत्मदाह कर लेंगे। संगठन ने कहा है कि वह सरकार के वादा खिलाफी के करण 140 दिन से अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। सरकार फिर भी ध्यान नहीं दे रही है। ऐसी स्थिति में आत्मदाह करना दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की मजबूरी हो गई है।

दिवंगत पंचायत अनुकंपा शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष श्रीमती अश्वनी सोनवानी ने कहा कि प्रदेश में 1998 से 2018 तक पंचायत और नगरीय निकाय में अत्यंत अल्प वेतनमान में कार्यरत शिक्षकों ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया। इस दौरान दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से संघर्षकाल में हजारों की संख्या में शिक्षकों का निधन हुआ। जिसमें से कुछ शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति की प्राप्ति भी हुई, किन्तु बहुत से परिवार ऐसे भी है जो आज भी अनुकंपा नियुक्ति की बाट जोह रहे है। आरटीआई के प्रावधानों के तहत शैक्षणिक अहर्ता न होने की बात कहकर हमें आज पर्यंत तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति की राह देख रहे लगभग 900 से अधिक परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और इस स्थिति में जब हमारे परिवार में कोई कमाने वाला तक नहीं है और जिंदगी जीने तक के लिए हमें मशक्कत करनी पड़ रही है। उस समय टी.ई.टी. और डी.एड. जैसी डिग्रियां हासिल करना फिलहाल हमारे लिए संभव नहीं है और हम इस परिस्थिति में भी नहीं हैं कि स्वस्थ मानसिकता के साथ पढ़ाई कर सकें। पूरे प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए योग्यता अनुसार वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए।


# माता बम्लेश्वरी दर्शन हेतु पदयात्रियों का पहुंचना शुरू

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शारदीय नवरात्रि पर डोंगरगढ़ में विराजित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पदयात्रियों का पहुंचना आज से शुरू हो गया है। इसके लिए प्रशासन द्वारा अंजोरा बायपास से नेशनल हाईवे को स्थानीय गौरीनगर मोड़ तक वन-वे कर दिया गया है। पदयात्रियों को दुर्घटना से बचाने के लिए वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने अंजोरा से राजनांदगांव शहर के प्रवेश तक ब्रेकर बनाए गए हैं। तेज रफ्तार वाहन अब एक निश्चित गति से ही दौड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रशासन के साथ ही विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं के द्वारा डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के खानपान और आराम के लिए भी व्यवस्था की गई है। पंडाल में आराम करने के लिए बिस्तर और पंखे की व्यवस्था भी की गई है। नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को पदयात्री अलग-अलग जत्थों में चलते नजर आए। मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों को शहर से गुजरते देखकर लोगों का उत्साह भी बढ़ रहा है। पदयात्री मां बम्लेश्वरी की जयघोष करते पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रहे हैं। नवरात्र पर्व पर पदयात्रियों की संख्या आगामी दिनों में और बढने की संभावना है। पंचमी तिथि पर धर्मनगरी में पदायत्रियों के साथ ही दर्शनार्थियों की अच्छी खासी भीड़ उमडने की संभावनाव्यक्त की जा रही है।

### रीवागहन में उल्टी-दस्त का प्रकोप

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रीवागहन में उल्टी-दस्त के मरीज मिलने पर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर सर्वे कर उल्टी-दस्त के मरीजों की जानकारी ली गई। डॉ. नवरत्न, जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदकिशोर टंडन ने ग्राम रीवागहन में घर-घर सर्वे कर उल्टी दस्त के प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि रीवागहन में अब तक कुल 20 उल्टी-दस्त के मरीज मिले हैं, जिनमें से सभी मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी, देखभाल एवं उपचार मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में किया जा रहा है। सभी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सा सहायक आनंद बांसोड़, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा पूरे गांव का भ्रमण एवं सर्वे कर सभी लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा दवाइयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों को पानी को उबाल कर पीने तथा ताजा व गर्म भोजन करने की सलाह दी गई।




प्रिसिशन इंजी वर्क्स

स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव

मो.9406011669

दैनिक भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024



# मुख्यमंत्री के हाथों नक्सल हिंसा से 70 प्रभावितों को मिला विभिन्न विभागों में नियुक्ति आदेश

मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिला अस्पताल को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर करने की घोषणा

भास्कर दूत







**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर के जिला अस्पताल को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर करने की घोषणा के साथ ही अंचल के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के 70 आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश पत्र भी सौंपा और 19 हजार से अधिक तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 14 करोड़ 9 लाख रूपए की बोनस राशि भी वितरित की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बीजापुर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश और तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने 263 करोड़ 66 लाख से अधिक की लागत से 209 के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 228 करोड़ 53 लाख के 145 विकास कार्यों का भूमि पूजन और 35 करोड़ 13 लाख के 64 विकास कार्य का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में बीजापुर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, भोपालपटनम में 132 केव्ही की विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, 33 नए स्कूल खोलने, केंद्रीय पुस्तकालय और विशेषज्ञ चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जोड़ने की घोषणा की। साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया।


**तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 14 करोड़ 9 लाख रूपए की बोनस राशि वितरित**

**बीजापुर जिले को 263 करोड़ 66 लाख से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास कार्य को गति दी जा रही है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से माओवाद-आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के नए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने ग्रहण किया पदभार

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के नवागत अध्यक्ष डॉ रोहित यादव ने 4 अक्टूबर को पूर्वाह्न सेवा भवन में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला, भीमसिंह कंवर सहित कार्यपालक निदेशक व मुख्य अभियंता गण तथा बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित थे।

बता दें कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 2002 बैच के आईएएस डॉ. यादव की पदस्थापना का आदेश कल रात में जारी हुआ था। डॉ. यादव को ऊर्जा विभाग के सचिव के साथ कंपनियों का अध्यक्ष बनाया गया है। उनसे पहले सीएम के सचिव पी. दयानंद ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों के अध्यक्ष की जिम्?मेदारी संभाल रहे थे।

आईएएस डॉ. यादव 2017 में प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे। इस दौरान वे केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में पदस्थ रहे। छत्तीसगढ़ लौटने से पहेल डॉ. यादव प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव के पद पर काम कर रहे थे। डॉ. यादव छत्तीसगढ़ में सरगुजा और रायपुर जिला के कलेक्टर रह चुके हैं। इसके साथ ही लंबे समय तक नगरीय प्रशासन विभाग में सचिव भी रहे। 2017 में तत्काली केंद्रीय वाणिज्य मंत्री सुरेश प्रभु के पीएस के रुप में वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए। 2018 में उन्हें संयुक्त सचिव प्रमोट करने के साथ ही इस्पात मंत्रालय में पदस्थ किया गया। इसके बाद 2020 में वे पीएमओ पहुंच गए।

# बेमेतरा में लगेंगे 11 एथेनॉल प्लांट

तकनीक होगी ऐसी, न दुर्गंध न फैलेगा प्रदूषण

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मानचित्र में बेमेतरा की पहचान कृषि प्रधान जिले के रूप में रही है, लेकिन अब बेमेतरा औद्योगिक विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। बेमेतरा जल्द ही प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने जा रहा है, जहां 11 एथेनॉल और 3 स्पंज आयरन के प्लांट लगेंगे। इनमें से तीन एथेनॉल और एक स्पंज आयरन फैक्ट्री का काम प्रारंभ कर दिया गया है। नवंबर से ही पथर्रा के एथेनॉल प्लांट में उत्पादन भी शुरु हो जाएगा। इससे न सिर्फ हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे, बल्कि पराली जलाने और धान खरीदी के बाद चावल उठाव की समस्या का भी ठोस निराकरण होगा। बेमेतरा के पथर्रा और रांका गांव में एथेनॉल प्लांट का काम तेजी से चल रहा है। पथर्रा गांव में फैक्ट्री का काम 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। इस प्लांट में नवंबर से उत्पादन भी शुरु हो जाएगा। सबसे खास बात यह है कि पथर्रा में लग रहे प्लांट में ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे न दुर्गंध की समस्या होगी, न प्रदूषण की।

# गहने- जेवर चमकाने का दिया झांसा, लाखों के जेवरात लेकर फरार हुई महिलाएं



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में एक बार फिर गहने- जेवर उड़ाने वाला गैंग एक्टिव हो गया है। जेवर की सफाई का झांसा देकर करीब एक लाख के जेवरात लेकर दो महिलाएं फरार हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात महिलाओं की तलाश में पुलिस जुट गई है। लवन थाना क्षेत्र में एक बार फिर से जेवर सफाई के नाम पर जेवर उड़ाने वाला गैंग एक्टिव हो गया है। जहां के ग्राम कोलिहा में जेवर की सफाई का झांसा देकर करीब एक लाख के जेवरात लेकर दो महिलाएं फरार हो गई। घटना गुरुवार सुबह की है। वारदात मुहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। सीसीटीवी वीडियो में दो महिलाएं पुराने बर्तन चमकाने का झांसा देकर घर में आई और बातों में उलझाकर गहने ले उड़ी।

## महिलाओं की तलाश में जुटी पुलिस

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात महिलाओं की तलाश में पुलिस जुट गई है। महिलाएं सोना और चांदी से बने आभूषण को चमकाने के नाम पर जेवर लेके फरार हो जाती है। इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती है। पुलिस के बार-बार समझाने के बावजूद भोले-भाले लोग ऐसे शातिरों की चिकनी चुपड़ी बातों में फंसते है। लवन क्षेत्र के दो अलग- अलग जगहों से इस तरह के मामले सामने आए है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्री की मौत

ट्रेन में चढ़ने के दौरान फिसल गया था शख्स, ट्रेन के फुटरेस्ट व बॉक्स के बीच फंस गए थे पैर

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 9ः40 बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर पहुंची और उसमें चढ़ने के प्रयास में यात्री फिसल गया। उसके दोनों पैर ट्रेन के फुटरेस्ट और बॉक्स के बीच में फंस गए। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकला गया और अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यात्री की पहचान तीरथ दलाई के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 9ः40 बजे प्लेटफार्म नंबर 3 पर पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची। निर्धारित समय तक रुकने के बाद ट्रेन चलने लगी तो तीरथ दलाई दौड़कर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा। तभी वह फिसला और दोनों पैर फंस गए। इस दौरान ट्रेन की रफ्तार काफी कम थी और समय पर उसे रोक लिया गया। इसके बाद काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। तीरथ दलाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना मिलने के बाद रेलवे की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची।

घायल तीरथ दलाई को महिला डॉक्टर धैर्या गुप्ता द्वारा सीपीआर भी दिया गया इसके बाद भी शरीर में कोई मुवमेंट नहीं दिखा। इसके बाद तत्काल उसे मेकाहारा अस्पताल दाखिल किया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से हड़कंप मच गया है। घटना के बाद रेलवे द्वारा मृतक यात्री के परिजनों को एक्स ग्रेशिया के रूप में डेढ़ लाख रुपए दिए गए।

# पत्रकार नितिन चौबे का निधन



**रायपुर।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवम वरिष्ठ पत्रकार नितिन चौबे पिता राजेंद्र प्रसाद चौबे का आज निधन हो गया। वे 49 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नि शिवांगी (तनु) चौबे , पुत्र आस चौबे और आरिश चौबे छोड़ गए । उनका अंतिम यात्रा निवास स्थान महावीर नगर से सुबह 11 बजे न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com